Website : www.mantrabharat.com
जुनून है सच लिखने का
E-Mail : mantrabharatmumbai@gmail.com, Mo. 7007837917

# मंत्र भारत

हिन्दी दैनिक

संस्करण : मुंबई
वर्ष : 11
अंक : 19
पृष्ठ : 8
मूल्य : 2.00
सोमवार, 26 जनवरी, 2026

मुंबई, लखनऊ, प्रयागराज एवं ग्वालियर से एक साथ प्रकाशित एवं ठाणे, नवी मुम्बई, पालघर, नासिक एवं पुणे से प्रसारित



3 'हिंद-दी-चादर' श्री गुरु तेग बहादुर साहिब ...
4 क्रेडाई ने बजट में राष्ट्रीय किराया आवास ...
7 उसने भारत के लिए लगातार अच्छा प्रदर्शन ...

## गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति का संदेश

# 'यह देश की स्थिति पर विचार करने का अवसर'

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 77वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर रविवार को राष्ट्र के नाम संदेश दिया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा, देश और विदेश में रहने वाले हम भारत के लोग उत्साह के साथ गणतंत्र दिवस का उत्सव मनाने जा रहे हैं। मैं आप सभी को गणतंत्र दिवस के राष्ट्रीय पर्व की हार्दिक बधाई देती हूं। गणतंत्र दिवस का पावन पर्व हमारे अतीत, वर्तमान और भविष्य में देश की दशा और दिशा का अवलोकन करने का अवसर होता है। स्वाधीनता संग्राम के बल पर 15 अगस्त 1947 के दिन से हमारे देश की दशा बदली। भारत स्वाधीन हुआ। हम अपनी राष्ट्रीय नियति के निर्माता बने।

उन्होंने कहा, 26 जनवरी 1950 के दिन से हम अपने गणतंत्र को सांविधानिक आदर्शों की दिशा में आगे बढ़ा रहे हैं। उसी दिन हमने अपने संविधान को पूरी तरह से लागू किया। लोकतंत्र की जननी भारतभूमि उपनिवेश के विधि-विधान से मुक्त हुई और हमारा लोक-तंत्रात्मक गणराज्य अस्तित्व में आया। हमारा संविधान, विश्व इतिहास में आज तक के सबसे बड़े गणराज्य का आधार-ग्रंथ है। हमारे संविधान में निहित न्याय, स्वतंत्रता, समता और बंधुता के आदर्श हमारे गणतंत्र को परिभाषित करते हैं। संविधान निर्माताओं ने राष्ट्रीयता की भावना तथा देश की एकता को सांविधानिक प्रावधानों का सुदृढ़ आधार प्रदान किया है।



**'सरदार पटेल ने किया राष्ट्र का एकीकरण'**

राष्ट्रपति ने कहा, लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल ने हमारे राष्ट्र का एकीकरण किया। पिछले वर्ष 31 अक्तूबर को कृतज्ञ देशवासियों ने उत्साहपूर्वक उनकी 150वीं जयंती मनाई। उनकी 150वीं जयंती के पावन अवसर से जुड़े स्मरण-उत्सव मनाए जा रहे हैं। ये उत्सव देशवासियों में राष्ट्रीय एकता तथा गौरव की भावना को मजबूत बनाते हैं। उत्तर से लेकर दक्षिण तक तथा पूर्व से लेकर पश्चिम तक, हमारी प्राचीन सांस्कृतिक एकता का ताना-बाना हमारे पूर्वजों ने बुना था। राष्ट्रीय एकता के स्वरूपों को जीवंत बनाए रखने का प्रत्येक प्रयास अत्यंत सराहनीय है।

**'वंदे मातरम की भावना ने जनमानस को जोड़ा'**

उन्होंने कहा, पिछले वर्ष सात नवंबर से हमारे राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' की रचना के 150 वर्ष सम्पन्न होने के उत्सव भी मनाए जा रहे हैं। भारत माता के दैवी स्वरूप की वंदना का यह गीत, जन-मन में राष्ट्र-प्रेम का संचार करता है। राष्ट्रीयता के महाकवि सुब्रमण्य भारती ने तमिल भाषा में 'वंदे मातरम येन्बोम' अर्थात 'हम वंदे मातरम बोलें' इस गीत की रचना करके वंदे मातरम की भावना को और भी व्यापक स्तर पर जनमानस के साथ जोड़ा। अन्य भारतीय भाषाओं में भी इस गीत के अनुवाद लोकप्रिय हुए। श्री ऑरोबिंदो ने 'वन्दे मातरम' का अंग्रेजी अनुवाद किया। ऋषितुल्य बंकिम चन्द्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित 'वन्दे मातरम' हमारी राष्ट्र-वंदना का स्वर है।

**'नेताजी सुभाष चंद्र बोस से प्रेरणा प्राप्त करें युवा'**

अपने संबोधन में राष्ट्रपति ने कहा, आज से दो दिन पहले यानी 23 जनवरी को देशवासियों ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के दिन उन्हें सादर श्रद्धांजलि अर्पित की। वर्ष 2021 से नेताजी की जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाता है, ताकि देशवासी, खासकर युवा, उनकी अदम्य देशभक्ति से प्रेरणा प्राप्त करें। नेताजी सुभाष चंद्र बोस का नारा 'जय हिंद' हमारे राष्ट्र-गौरव का उद्घोष है।

**'बाबासाहब की सोच के अनुरूप राजनीतिक जागरूकता का परिचय दे रहे मतदाता'**

प्यारे देशवासियो, आज के दिन, यानी 25 जनवरी को हमारे देश में 'राष्ट्रीय मतदाता दिवस' मनाया जाता है। जनप्रतिनिधियों के निर्वाचन के लिए हमारे वयस्क नागरिक उत्साहपूर्वक मतदान करते हैं। बाबासाहब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर मानते थे कि मताधिकार के प्रयोग से राजनीतिक शिक्षा सुनिश्चित होती है।

## बधाई संदेश

सुधी पाठको, संवाददाताओं, पत्रकारों, परम मित्रों और देश के सभी नागरिकों को 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर मंत्र भारत परिवार की ओर से हार्दिक बधाई।

ग्रुप संपादक

# भारत पहुंचे गणतंत्र दिवस के मुख्य अतिथि लुइस और लेयेन, गार्ड ऑफ ऑनर से हुआ स्वागत

नई दिल्ली। गणत्रंत दिवस समारोह में शामिल होने के लिए यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो लुइस सैंटोस दा कोस्टा और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन रविवार शाम 5 बजे के करीब राजधानी दिल्ली पहुंचे। दिल्ली पहुंचने पर दोनों मेहमानों को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। बता दें कि दोनों 77वें गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि हैं। यह पहली बार है जब यूरोपीय संघ के दो शीर्ष अधिकारी एक साथ भारत के गणतंत्र दिवस समारोह में भाग ले रहे हैं। यूरोपीय संघ के दोनों शीर्ष अधिकारियों के दिल्ली पहुंचने पर वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने दोनों का स्वागत किया। बता दें कि 1950 से भारत गणतंत्र दिवस समारोह में किसी विदेशी देश के राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित करता आ रहा है। यह परंपरा भारत की विदेश नीति और उसके अंतरराष्ट्रीय संबंधों को दर्शाती है। शीत युद्ध के समय भारत ने गुटनिरपेक्ष आंदोलन से जुड़े नेताओं को आमंत्रित किया, जबकि हाल के वर्षों में अपने करीबी और रणनीतिक साझेदार देशों के नेताओं को यह सम्मान दिया गया है।



# सीबीआई जांच और फिल्म पर बैन, चौतरफा हमलों के बीच गरजे विजय , कहा- 'सरेंडर नहीं करूंगा'

चेन्नई।तमिल सुपरस्टार और 'तमिझागा वेत्री कड़गम' के अध्यक्ष विजय ने सीबीआई की पूछताछ और अपनी फिल्म पर रोक के बीच एक कड़ा संदेश दिया है। महाबलीपुरम में पार्टी के 3,000 पदाधिकारियों के साथ हुई एक बड़ी मीटिंग में उन्होंने साफ कहा कि वे किसी भी दबाव में नहीं झुकेंगे। उन्होंने आने वाले तमिलनाडु विधानसभा चुनावों को केवल एक चुनाव नहीं, बल्कि एक लोकतांत्रिक युद्ध करार दिया और अपने कार्यकर्ताओं को इस युद्ध का कमांडो बताया।

**विपक्षी दलों पर हमला**

विजय ने सत्ताधारी डीएमके और विपक्षी एआईएडीएमके पर तीखा निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आज की राजनीति करने वाले लोग सी.एन. अन्नादुरई के विचारों को भूल गए हैं, यहां तक कि वे भी जिनकी पार्टी के नाम में 'अन्ना' जुड़ा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्ताधारी पार्टियों के लिए पोलिंग बूथ केवल 'फर्जी वोट सेंटर' बन कर रह गए हैं। विजय ने अपने समर्थकों से हर एक वोट की रक्षा करने और जनता के बीच जाने का आह्वान किया।

**राज्यव्यापी कैंपेन टूर की शुरुआत**

टीवीके नेताओं ने घोषणा की है कि पार्टी कल से तमिलनाडु के सभी 234 विधानसभा क्षेत्रों में एक बड़ा कैंपेन टूर शुरू करने जा रही है। इसका मकसद चुनावों से पहले जमीनी स्तर पर समर्थन जुटाना है। गठबंधन के सवाल पर पार्टी ने स्पष्ट किया है कि किसी भी अन्य दल के साथ हाथ मिलाने का अंतिम फैसला केवल विजय ही लेंगे।

# पंजाबियों के खून में बसी है बलिदान की भावना : भगवंत मान



चड़ीगढ़। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शनिवार को कहा कि त्याग और बलिदान की भावना पंजाबियों के खून में बसी है तथा वे देश के लिए अपनी जान कुर्बान करने को तैयार हैं, चाहे वे कहीं भी जाएं। मान ने महाराष्ट्र के नांदेड़ शहर में गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी दिवस पर आयोजित हिंद दी चादर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही। इस दो-दिवसीय शहीदी समागम कार्यक्रम में लगभग 10 लाख श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद है। मान ने कहा, ''पंजाबियों ने देश के लिए अपनी जान कुर्बान करने में हमेशा तत्परता दिखाई है। जब दुश्मन की तरफ से गोली आती है, तो वे सबसे पहले उसका सामना करते हैं, चाहे कारगिल हो, जैसलमेर हो, गंगानगर हो या बीकानेर। यह भावना हमें हमारे गुरुओं से मिली है और त्याग की भावना हमारे खून में बसी है।''

उन्होंने कहा कि पंजाब के लोगों को प्राकृतिक आपदा आने पर मदद के लिए आगे आने के वास्ते भी जाना जाता है। पंजाब के मुख्यमंत्री ने कहा, ''चाहे तुर्की में भूकंप हो या श्रीलंका में बाढ़, रेड क्रॉस या बचाव दल बाद में पहुंचते हैं, लेकिन पंजाबी सबसे पहले अपने लंगर (सामुदायिक रसोई) शुरू कर देते हैं। आप दुनिया में कहीं भी जाएं, आपको सबसे पहले लंगर सेवा मिलेगी।''

उन्होंने सिख गुरुओं द्वारा किए गए बलिदानों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए संचार के विभिन्न माध्यमों का उपयोग करने का भी आह्वान किया। मान ने कहा, ''गुरु तेग बहादुर के प्राणों की आहुति के बाद, उनका पार्थिव शरीर लखी शाह बंजारा द्वारा ले जाया गया। मुगलों को इसका पता न चले, इसलिए बंजारा ने अपने ही घर में आग लगा दी और गुरु के पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार कर दिया।

# लोग वायु प्रदूषण के कारण स्वास्थ्य के रूप में बहुत भारी कीमत चुका रहे हैं: राहुल गांधी

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को कहा कि वायु प्रदूषण की वजह से लोगों को स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर बहुत भारी कीमत चुकानी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि वायु प्रदूषण का सबसे ज्यादा खामियाजा बच्चे और बुजुर्ग भुगत रहे हैं।



लोकसभा में विपक्ष के नेता ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में लोगों से वायु प्रदूषण के खिलाफ आवाज उठाने का आग्रह किया। राहुल ने लिखा, 'हम वायु प्रदूषण की बहुत भारी कीमत चुका रहे हैं-अपने स्वास्थ्य के मोर्चे पर भी और देश की अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर भी। करोड़ों आम भारतीय हर दिन इसका बोझ झेल रहे हैं।' उन्होंने कहा, 'बच्चे और बुजुर्ग इसकी वजह से सबसे ज्यादा पीड़ा सहते हैं। निर्माण श्रमिक और दिहाड़ी कामगार, जैसे लोग इसकी सबसे बड़ी मार झेलते हैं।' राहुल ने कहा कि इस समस्या को सर्दी खत्म होते ही भुला नहीं दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, 'बदलाव की पहली कड़ी है अपनी आवाज उठाना।'

कांग्रेस नेता ने एक लिंक साझा किया और लोगों से इस पर यह बताने का आग्रह किया कि वायु प्रदूषण ने उन्हें या उनके प्रियजनों को कैसे प्रभावित किया है। उन्होंने कहा, 'आपकी आवाज महत्वपूर्ण है और इसे बुलंद करना मेरी जिम्मेदारी है।

# 'भाजपा के इशारे पर विपक्ष को कुचल रहा चुनाव आयोग', ममता बनर्जी का EC पर हमला

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस के मौके पर भारत निर्वाचन आयोग पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने चुनाव आयोग द्वारा राष्ट्रीय मतदाता दिवस के आयोजन को 'दुखद तमाशा' करार देते हुए आरोप लगाया कि वह भाजपा के इशारे पर काम कर रहा है। इसके साथ ही आयोग विपक्ष को कुचलने के साथ-साथ भारतीय लोकतंत्र की नींव को कमजोर कर रहा है।



**एक्स पर साधा निशाना**

रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करके ममता बनर्जी ने चुनाव आयोग पर निशाना साधा, उन्होंने पोस्ट में लिखा कि चुनाव आयोग ' भाजपा, अपने आका के इशारे पर, विपक्ष को कुचलने और भारतीय लोकतंत्र की नींव को नष्ट करने में लगे हैं, और फिर भी उनमें मतदाता दिवस मनाने की हिम्मत है।'

**'जल्दबाजी में SIR करा रहा चुनाव आयोग'**

अपने पोस्ट में ममता बनर्जी ने यह भी आरोप लगाया कि चुनाव आयोग पश्चिम बंगाल में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) एंईं को अनुचित जल्दबाजी में करा रहा है। आयोग 'तार्किक विसंगतियों' के नाम पर नए-नए बहाने गढ़ रहा है, जिससे आम लोगों को परेशान किया जा रहा है और उन्हें उनके चुनावी अधिकारों से वंचित कर रहा है। मैं इस आचरण से बेहद दुखी और परेशान हूं।'



# सेंट्रल रेलवे ऑफिसर्स क्लब (सीआरओसी), माटुंगा में माटुंगा प्रीमियर लीग-2026 का भव्य उद्घाटन बड़े उत्साह के साथ संपन्न

मुंबई(संवाददाता)

मंत्र न्यूज

सेंट्रल रेलवे ऑफिसर्स क्लब (सीआरओसी), माटुंगा द्वारा माटुंगा क्लब क्रीड़ा महोत्सव - माटुंगा प्रीमियर लीग 2026 का आयोजन किया गया है। इसका भव्य उद्घाटन दि. 24 जनवरी 2026 को क्लब के टर्फ मैदान में संपन्न हुआ। इस आयोजन के साथ लंबे समय से प्रतीक्षित क्रीड़ा महोत्सव की जोशीली शुरुआत हुई, जो अधिकारियों और उनके परिवारजनों के बीच खेल भावना, एकता और स्वास्थ्य के उत्सव का प्रतीक है।



सेंट्रल रेलवे के सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता श्री संजीव कुलश्रेष्ठ उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि रहे। श्री कुलश्रेष्ठ ने कार्यकारी समिति के अथक प्रयासों, माटुंगा प्रीमियर लीग की उत्कृष्ट योजना, समर्पण और प्रभावी क्रियान्वयन की सराहना की तथा इसे अत्यंत सुंदर ढंग से आयोजित क्रीड़ा महोत्सव बताया।

माटुंगा प्रीमियर लीग के इस सफल उद्घाटन समारोह का आयोजन क्लब के अध्यक्ष श्री पी. एन. रामचंद्रन के नेतृत्व में किया गया। महासचिव श्री मंगेश काशिमकर और क्रीड़ा सचिव श्री तुषार गरुड़ ने कार्यक्रम की योजना, समन्वय और क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

कार्यकारी समिति के सदस्यों और स्वयंसेवकों ने कार्यक्रम की सफलता में विशेष योगदान दिया, जिनमें श्री विजय शर्मा, श्री अशोक रामचंदानी, श्री सुशांत पांडा, श्री एस. भाविकट्टी, श्री जीतू यादव, डॉ. आशय अमलेकर, श्री श्रीनिवास चारी, महादेव शास्त्री, श्री प्रविण पाटिल और श्री रविशंकर शामिल हैं। उनके सामूहिक प्रयासों से आयोजन सुचारु रूप से संपन्न हुआ और बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक सहभाग किया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए महासचिव श्री मंगेश काशिमकर ने रेलवे ऑफिसर्स कॉलोनी के शांत वातावरण में निवास करने वाले अधिकारियों के बीच स्वास्थ्य, फिटनेस और भाईचारे को बढ़ावा देने में खेलों की भूमिका पर बल दिया। उन्होंने कहा कि 'खेल केवल एक प्रतियोगिता नहीं है, बल्कि यह अनुशासन, समर्पण और सामूहिक उत्साह का उत्सव है।'

माटुंगा प्रीमियर लीग-2026 एक रोमांचक क्रीड़ा प्रतियोगिता श्रृंखला होने का वादा करती है, जो अनुशासन, टीम भावना और आनंदमय प्रतिस्पर्धा की भावना को प्रोत्साहित करेगी।

# अहमदाबाद-विरमगाम सेक्शन के बीच ब्लॉक के कारण कुछ ट्रेनें प्रभावित

मुंबई(संवाददाता)

मंत्र न्यूज

अहमदाबाद-विरमगाम सेक्शन के साबरमती ए केबिन और साबरमती स्टेशन के बीच ऑटोमैटिक सिगनलिंग सिस्टम चालू करने के लिए 27 जनवरी, 2026 को 08:30 बजे से 20:30 बजे तक 12 घंटे का ब्लॉक लिया जाएगा।



पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, 27 जनवरी, 2026 को प्रभावित होने वाली ट्रेनों का विवरण इस प्रकार है:-

शॉर्ट टर्मिनेट होने वाली ट्रेनें:-

1.ट्रेन संख्या 20901/20902 मुंबई सेंट्रल-गांधीनगर केपिटल वंदे भारत एक्सप्रेस अहमदाबाद में शॉर्ट टर्मिनेट होगी। इसलिए, यह ट्रेन अहमदाबाद और गांधीनगर केपिटल स्टेशनों के बीच आंशिक रूप से निरस्त रहेगी।

निरस्त होने वाली ट्रेनें:-

1.ट्रेन संख्या 20959 वलसाड-वडनगर सुपरफास्ट एक्सप्रेस निरस्त रहेगी।

इसी तरह, ट्रेन संख्या 20960 वडनगर-वलसाड सुपरफास्ट एक्सप्रेस निरस्त रहेगी।

परिवर्तित मार्ग से चलने वाली ट्रेनें:-

1.ट्रेन संख्या 12216 बांद्रा टर्मिनस-दिल्ली सराय रोहिल्ला गरीब रथ को परिवर्तित मार्ग वाया अहमदाबाद-साबरमती ए केबिन-चांदलोडिया-खोडियार स्टेशनों के रास्ते चलाया जाएगा।

2.ट्रेन संख्या 14807 जोधपुर-दादर एक्सप्रेस को परिवर्तित मार्ग वाया खोडियार-चांदलोडिया-साबरमती ए केबिन-अहमदाबाद स्टेशनों के रास्ते चलाया जाएगा और इस ट्रेन का साबरमती जंक्शन पर अतिरिक्त ठहराव होगा। इसलिए, यह ट्रेन साबरमती ब्रॉड गेज स्टेशन पर नहीं रुकेगी।

# महापारेषण में महिलाओं के लिए हल्दी-कुंकू कार्यक्रम उत्साहपूर्वक संपन्न

## स्वास्थ्य, आर्थिक नियोजन एवं योग पर दिया गया मार्गदर्शन

दिव्यांश

मुंबई। महाराष्ट्र राज्य विद्युत पारेषण कंपनी (महापारेषण) की ओर से महिलाओं के लिए आयोजित पारंपरिक हल्दी-कुंकू कार्यक्रम अत्यंत उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का आयोजन अपर जिलाधिकारी तथा कार्यकारी संचालक (मानव संसाधन) सुचिता भिकाने के मार्गदर्शन में किया गया।




कार्यक्रम में मंच पर संचालक (वित्त) तृप्ती मुधोळकर, मुख्य अभियंता जुईली वाघ, वंदना निंबाळकर, आहार विशेषज्ञ श्री भरतकुमार परिहार, आर्थिक सलाहकार श्री रिंकी सिंह, आर्ट ऑफ लिविंग की राधिका कोप्पीकर, मुख्य औद्योगिक संबंध अधिकारी श्री भरत पाटील तथा जनसंपर्क अधिकारी डॉ. मिलिंद आवताडे उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत में आहार विशेषज्ञ श्री भरतकुमार परिहार ने संतुलित आहार एवं स्वस्थ जीवनशैली के विषय में महिलाओं को मार्गदर्शन दिया। इसके पश्चात आर्थिक सलाहकार श्री रिंकी सिंह ने आर्थिक नियोजन एवं बचत के महत्व पर प्रकाश डाला। आगे आर्ट ऑफ लिविंग की राधिका कोप्पीकर ने ध्यान, प्राणायाम एवं योग के दैनिक जीवन में महत्व को उपस्थित महिलाओं के समक्ष प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में सांस्कृतिक रंग भरते हुए स्मिता वंजारी एवं कीर्ति देशमुख द्वारा प्रस्तुत नाटिका को उपस्थितों से विशेष सराहना मिली।

महापारेषण की महिलाओं के लिए आयोजित इस कार्यक्रम के माध्यम से स्वास्थ्य, आर्थिक साक्षरता एवं मानसिक शांति का सकारात्मक संदेश दिया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु स्मिता वंजारी, श्री सुनील गडलिंग, श्री तेजस टिकले, लोटन वळवी, रोशन झुगरे, स्मिता पाठारे एवं स्नेहल बोंद्रे ने विशेष परिश्रम किए। कार्यक्रम का सूत्रसंचालन अश्विनी तेरकर, पिंटा सुरडकर एवं कविता महाजन ने किया।

# मलाड स्टेशन पर प्रोफेसर की चाकू से गोदकर हत्या, सीसीटीवी से पकड़ा गया आरोपी

मुंबई(संवाददाता)

मंत्र न्यूज

मुंबई की लाइफलाइन कही जाने वाली लोकल ट्रेन में हिंसा की एक रोंगटे खड़े कर देने वाली घटना सामने आई है। मलाड रेलवे स्टेशन पर मामूली विवाद के बाद एक कॉलेज प्रोफेसर की बेरहमी से हत्या कर दी गई। गवर्नमेंट रेलवे पुलिस ने इस मामले में 27 वर्षीय आरोपी ओमकार शिंदे को गिरफ्तार कर लिया है।

मामूली बहस का खूनी अंत

पुलिस के अनुसार, यह घटना शनिवार को मलाड स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 1 और 2 पर हुई। पीड़ित की पहचान आलोक सिंह के रूप में हुई है, जो विले पार्ले के एक प्रतिष्ठित कॉलेज में प्रोफेसर थे। बताया जा रहा है कि ट्रेन के गेट पर चढ़ने-उतरने को लेकर प्रोफेसर और आरोपी के बीच कहा-सुनी शुरू हुई थी। मुंबई की लोकल ट्रेनों में भीड़ के दौरान ऐसी बहसें आम हैं, लेकिन यहाँ मामला जानलेवा हो गया।

सरेआम चाकू से किए कई वार

जैसे ही ट्रेन मलाड स्टेशन पहुंची और




दोनों प्लेटफॉर्म पर उतरे, आरोपी शिंदे ने अपना आपा खो दिया। उसने अचानक एक धारदार चाकू निकाला और प्रोफेसर आलोक सिंह के पेट में कई बार वार किए। हमले के बाद प्रोफेसर लहूलुहान होकर प्लेटफॉर्म पर ही गिर पड़े और आरोपी भीड़ का फायदा उठाकर वहां से फरार हो गया। इस घटना से स्टेशन पर मौजूद हजारों यात्रियों के बीच दहशत फैल गई।

सीसीटीवी की मदद से आरोपी तक पहुंची पुलिस

बोरीवली गवर्नमेंट रेलवे पुलिस ने स्टेशन के सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू किया, जिसमें एक युवक सफेद शर्ट और नीली जींस में फुट ओवर ब्रिज की तरफ भागता हुआ नजर आया। तकनीकी जांच और खुफिया जानकारी की मदद से पुलिस ने आरोपी ओमकार शिंदे का पीछा किया और उसे वसई से गिरफ्तार कर लिया।

हत्या के पीछे की गहराई से जांच

हालांकि शुरुआती जांच में हत्या की वजह 'गेट पर हुआ झगड़ा' बताई जा रही है, लेकिन पुलिस हमले की क्रूरता को देखकर हैरान है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, 'सिर्फ उतरने की बात पर अजनबी को कई बार चाकू मारना सामान्य नहीं है। हम जांच कर रहे हैं कि क्या इनके बीच कोई पुरानी दुश्मनी थी या आरोपी की मानसिक स्थिति कैसी है।' फिलहाल शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है और आगे की कार्रवाई जारी है।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस के औचित्य पर नमनपा मुख्यालय में सामूहिक रूप से मतदाता शपथ ग्रहण

मुंबई(संवाददाता)

मंत्र न्यूज

भारत निर्वाचन आयोग से प्राप्त निर्देशों के अनुसार राष्ट्रीय मतदाता दिवस के औचित्य पर नवी मुंबई महानगरपालिका की ओर से नमनपा मुख्यालय स्थित ज्ञानकेंद्र सभागृह में सोलहवें राष्ट्रीय मतदाता दिवस की सामूहिक शपथ 23 जनवरी को अतिरिक्त आयुक्त श्री सुनील पवार के साथ सभी अधिकारी, कर्मचारी एवं नागरिकों द्वारा ग्रहण की गई।

हाल ही में नवी मुंबई महानगरपालिका का सार्वत्रिक चुनाव 15 जनवरी को सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ है तथा 57.15 प्रतिशत नागरिकों ने मतदान में सहभाग दर्ज किया है। विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक राष्ट्र भारत देश 100 करोड़ मतदाताओं के पंजीकरण की ओर अग्रसर है तथा इस वर्ष के 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस की 'मेरा भारत, मेरा मत' यह संकल्पना घोषित की गई है। इसके अनुरूप देश के प्रत्येक मतदाता से मतदान प्रक्रिया में उत्साहपूर्वक भाग लेने का आवाहन इस अवसर पर किया गया।



इस अवसर पर अतिरिक्त आयुक्त श्री सुनील पवार, प्रशासन विभाग के उपआयुक्त श्री किसनराव पलांडे, अतिक्रमण विभाग के उपआयुक्त डॉ. कैलास गायकवाड, परिमंडल 2 के उपआयुक्त श्री संजय शिंदे, मुख्य विधि अधिकारी श्री अभय जाधव, कार्यकारी अभियंता श्री प्रविण गाडे, सहायक आयुक्त श्री अरुण पाटील, साथ ही महाराष्ट्र शासन के सूचना एवं जनसंपर्क महासंचालनालय के सेवानिवृत्त संचालक श्री सुरेश वांदिले तथा महानगरपालिका के अधिकारी, कर्मचारी, नागरिक एवं युवक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

'हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र के प्रति निष्ठा रखते हुए देश की लोकतांत्रिक परंपराओं का संरक्षण करेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण वातावरण में होने वाले चुनावों की पवित्रता बनाए रखेंगे और प्रत्येक चुनाव में निर्भय होकर, साथ ही धर्म, वंश, जाति, समाज एवं भाषा के विचारों के प्रभाव में आए बिना अथवा किसी भी प्रकार के प्रलोभन में न पड़ते हुए मतदान करेंगे।'

– इस आशय की सामूहिक शपथ उपस्थित सभी लोगों ने ग्रहण की।

# 'मुंब्रा को हरा कर देंगे' बयान पर ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन की पार्षद सहर ने मांगी माफी, दी सफाई

मुंबई(संवाददाता) 'मुंब्रा को हरा कर देंगे' बयान को लेकर उत्पन्न विवाद के बीच नव-निर्वाचित ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन की पार्षद सहर शेख ने अपने बयान पर स्पष्टीकरण दिया है। पुलिस के अनुसार सहर शेख ने कहा है कि उनका बयान पार्टी के हरे रंग के झंडे और चुनावी सफलता के संदर्भ में था तथा उनका किसी भी व्यक्ति या समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का कोई इरादा नहीं था। उन्होंने यह भी कहा कि यदि उनके शब्दों से किसी को बुरा लगा हो, तो वह इसके लिए क्षमा मांगती हैं।

**15 जनवरी को दिया था बयान**

उल्लेखनीय है कि 15 जनवरी को हुए ठाणे नगर निगम चुनाव में सहर शेख ने वार्ड क्रमांक 30 से विजय प्राप्त की थी। जीत के बाद उन्होंने कहा था कि आगामी पांच वर्षों में मुंब्रा क्षेत्र से सभी उम्मीदवार ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के होंगे। मुस्लिम बहुल मुंब्रा क्षेत्र राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) के विधायक जितेंद्र आव्हाड के मुंब्रा-कलवा विधानसभा क्षेत्र का हिस्सा है, जहां इस पार्टी की कुछ इलाकों में मजबूत पकड़ मानी जाती है।

**23 जनवरी को दी लिखित सफाई**




मुंब्रा पुलिस के अनुसार 23 जनवरी को सहर शेख ने लिखित रूप में स्पष्ट किया कि उनका बयान किसी धर्म या समुदाय के विरुद्ध नहीं था और न ही उनका उद्देश्य सांप्रदायिक सौहार्द को नुकसान पहुंचाना था। उन्होंने यह भी कहा कि वह तिरंगे का सम्मान करती हैं और देश के प्रति पूर्ण निष्ठा रखती हैं।

**भाजपा सांसद ने सामाजिक माध्यम पर साझा किया पत्र**

पुलिस ने एक पत्र में बताया कि यदि सहर शेख के बयान से किसी की भावनाएं आहत हुई हों, तो उन्होंने सार्वजनिक रूप से तथा लिखित रूप में क्षमा याचना की है। यह पत्र मुंब्रा पुलिस थाना के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अनिल शिंदे के माध्यम से जारी किया गया, जिसे पूर्व भारतीय जनता पार्टी सांसद किरीट सोमैया ने अपने सामाजिक माध्यम खाते पर साझा किया।

**पुलिस ने सहर शेख को जारी किया नोटिस**

पुलिस ने सहर शेख के बयान को उकसाने वाला मानते हुए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के अंतर्गत उन्हें नोटिस जारी किया है और भविष्य में सार्वजनिक मंचों से ऐसे बयान देने से बचने की चेतावनी दी है, जिनसे किसी की भावनाएं भड़क सकती हैं।

## शिवसेना यूबीटी नेता का बयान

# 'कल्याण में शिवसेना से हाथ मिलाने से पहले एमएनएस को हमें बताना चाहिए था'

मुंबई(संवाददाता)

मंत्र न्यूज

मुंबई। शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के नेता वरुण सरदेसाई ने रविवार को कहा कि महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) को कल्याण-डोंबिवली नगर निगम में एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के साथ हाथ मिलाने से पहले शिवसेना (यूबीटी) को इसकी जानकारी देनी चाहिए थी। युवा सेना के सचिव सरदेसाई का यह बयान ऐसे समय आया, जब कुछ दिन पहले मनसे प्रमुख राज ठाकरे ने महाराष्ट्र की राजनीति को 'गुलामों का बाजार' बताया। उन्होंने यह टिप्पणी अपने चचेरे भाई उद्धव ठाकरे के साथ एक मंच साझा करते हुए की थी।

**वरुण सरदेसाई ने क्या कहा?**

वरुण सरदेसाई ने पत्रकारों से बातचीत में कहा, मनसे एक अलग पार्टी है। मैं उन्हें यह बताने की जरूरी नहीं समझता कि उन्हें क्या करना चाहिए। लेकिन कल्याण-डोंबिवली के संदर्भ में मैं यह कह रहा हूं। हमने वहां मिलकर चुनाव लड़ा था। अगर उन्हें कोई अलग फैसला लेना था, तो हमें इसकी जानकारी देनी चाहिए थी। आपसी बातचीत से कोई रास्ता निकल



सकता था। उन्होंने कहा कि यही उनकी एकमात्र अपेक्षा थी। सरदेसाई ने बताया कि कल्याण-डोंबिवली नगर निगम में शिवसेना (यूबीटी) के 11 पार्षद हैं, जबकि मनसे के पास पांच पार्षद हैं।

**मनसे के पांच पार्षदों का शिवसेना को समर्थन देने का फैसला**

नगर निकायों में महापौर पद को लेकर लग रही अटकलों के बीच बुधवार को कल्याण-डोंबिवली में नया राजनीतिक समीकरण सामने आया, जब मनसे के पांच पार्षदों ने भाजपा की सहयोगी शिवसेना (एकनाथ शिंदे गुट) को समर्थन देने का फैसला किया। मनसे के स्थानीय नेता और पूर्व विधायक राजू पाटिल ने दावा किया कि यह फैसला राजनीतिक स्थिरता के लिए मनसे प्रमुख राज ठाकरे की अनुमति से लिया गया है।

केडीएमसी में राजनीतिक समीकरणः किसके पास कितनी सीटें

122 सदस्यीय कल्याण-डोंबिवली नगर निगम में शिवसेना सबसे बड़ी पार्टी बनी, 53 सीटों पर जीत मिली। भाजपा 50 सीटों के साथ दूसरे स्थान पर रही।

मनसे के पांच पार्षदों के समर्थन से शिवसेना-भाजपा गठबंधन के पास कुल 108 सदस्य हो गए हैं।

शिवसेना (यूबीटी) को 11 सीटें मिलीं। कांग्रेस को 2 और एनसीपी (एसपी) को 1 सीट पर जीत मिली थी।

# आफिसर्स स्पोट्र्स मीट में वडोदरा मंडल ने जीती कलचरल? एवं स्पोट्र्स शील्ड

## 39 पदक जीतकर खिलाड़ियों का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

मुंबई(संवाददाता)

मंत्र न्यूज

पश्चिम रेलवे के वडोदरा मंडल ने पश्चिम रेलवे आफिसर्स एसोसिएशन द्वारा मुंबई में आयोजित 45 वीं ऑफिसर्स स्पोर्ट मीट में प्रधान कार्यालय एवं सभी मंडलों से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए पूनूस ट्रॉफी को एक बार फ़िर से जीत लिया है। स्पोर्ट्स प्रतिस्पर्धा में वडोदरा मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री राजू भडके ने एथेलेटिक्स के सिंगल एवं रिले रन और पश्चिम रेलवे महिला कल्याण मंडल के वडोदरा मंडल की अध्यक्षा श्रीमती कविता भडके ने एथेलेटिक्स के महिला वर्ग में सिंगल एवं रिले रन में पदक जीतकर मंडल के अन्य खिलाड़िओं को स्पोर्ट्स मीट में पदक जीतने को प्रोत्साहित एवं प्रेरित किया। वडोदरा मंडल के खिलाड़िओं ने इस मीट में अपना? सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 25 गोल्ड और 14 सिल्वर सहित कुल 39 मैडल जीते। पश्चिम रेलवे एवं मध्य रेल के महाप्रबंधक श्री विवेक कुमार गुप्ता ने मंडल? रेल? प्रबंधक श्री राजू भडके को शील्डें एवं खिलाड़ी विजेताओं को मेडल? प्रदान किये।

स्पोर्ट्स प्रतियोगिता में वडोदरा मंडल के खिलाड़िओं ने पुरुष वर्ग में टेबल



टेनिस सिंगल, डबल एवं मिक्स,बैंडमिंटन सिंगल एवं मिक्स, टेबल टेनिस, एथलेटिक्स, स्लो साइकिल, स्क्वैश सिंगल एवं डबल में गोल्ड मैडल जीता तो वही महिला वर्ग में टेबल टेनिस, स्लो साइकिल, रन फॉर रन, बैंडमिंटन, एथेलिटिक्स में गोल्ड जीता। पुरुषों की टीम ने वॉलीवॉल एवं महिलाओं की टीम ने बॉक्स क्रिकेट में गोल्ड जीता।

मंडल की पुरुष एवं महिला टीम ने टेनिस सिंगल, शतरंज, कैरम सिंगल एवं डबल , एथेलेटिक्स सिंगल एवं टीम स्पर्धा में रजत पदक जीता।

मंडल की महिला खिलाड़िओं ने स्किमिंग, हेयरस्टाइल और ग्रुप फ्लावर मेकिंग में कांस्य पदक जीता।

डांस एवं वोकल कला में भी अपनी श्रेष्ठता का प्रदर्शन करते हुए वडोदरा मंडल ने कलचरल शील्ड भी जीत ली है। मीट में आयोजित सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं में सोलो डांस, ग्रुप डांस , वोकल और इंस्ट्रुमेंटल प्रतियोगिताएं में वड़ोदरा मंडल के अधिकारियों और उनकी पत्नियों तथा रेलकारियों के बच्चों ने कला के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का बेजोड़ प्रदर्शन किया और प्रधान कार्यालय एवं सभी मंडलों के बीच श्रेष्ठ प्रदर्शन कर कल्चरल शील्ड को हासिल किया। ग्रुप डांस के अधिकारी और उनकी पत्नी तथा 10 वर्ष या उससे कम वर्ष के बच्चों के वर्ग में वड़ोदरा मंडल प्रथम रहा। सोलो डांस में अधिकारी और उनकी पत्नी वर्ग में हेतल शर्मा और 10 -14 वर्ग के बच्चों के वर्ग में तनीषा रंजन ने प्रथम, 10 वर्ष या उससे कम वर्ष की श्रेणीं में इवांशी कौशिक ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वोकल में 10 -14 वर्ग के बच्चों के वर्ग में आर्य अध्यापक द्वितीय और 10 वर्ष या उससे कम वर्ष की श्रेणीं में शानवी अध्यापक तृतीय स्थान पर रहीं। इंस्ट्रुमेंटल में 14 -18 वर्ग के बच्चों के वर्ग में शौर्य कुमार प्रथम और 10 - 14 वर्ग के बच्चों के वर्ग में आर्य अध्यापक द्वितीय स्थान पर रहे।

मंडल रेल प्रबंधक श्री राजू भडके ने सभी विजयी खिलाड़िओं को उनके खेल प्रदर्शन के लिए बधाई दी। उन्होंने कल्चरल और स्पोर्ट्स को अभिव्यक्ति का एक साधन बताया और नयी पीढ़ी से इसमें ज्यादा से ज्यादा भाग लेने की अपील की।




# मराठी भाषा एक सतत प्रवाहित परंपरा है– मराठी भाषा विभाग के सचिव डॉ किरण कुलकर्णी

मुंबई(संवाददाता)

मंत्र न्यूज

मुंबई। मराठी भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं है, बल्कि हजारों वर्षों से निरंतर बहती हुई सांस्कृतिक नदी के समान एक जीवंत परंपरा है, ऐसा प्रतिपादन मराठी भाषा एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग के सचिव डॉ किरण कुलकर्णी ने किया।

महाराष्ट्र शासन के सांस्कृतिक कार्य विभाग के पी एल देशपांडे महाराष्ट्र कला अकादमी द्वारा आयोजित व्याख्यान कार्यक्रम में उन्होंने मराठी को अभिजात भाषा का दर्जा मिलने के महत्व, भाषा की ऐतिहासिक यात्रा तथा आगामी चरण की विकास योजना पर विस्तार से मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्य विभाग की उपसचिव श्रीमती नंदा राऊत, पी एल देशपांडे महाराष्ट्र कला अकादमी की संचालक श्रीमती मीनल जोगळेकर, सलाहकार समिति के सदस्य डॉ शिरीष ठाकुर सहित मराठी भाषा के विद्वान एवं नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

सचिव डॉ कुलकर्णी ने स्पष्ट किया कि मराठी को अभिजात भाषा का दर्जा मिलना केवल एक 'मुहर' नहीं है, बल्कि केंद्र सरकार की विशेष योजना के माध्यम से भाषा विकास के लिए नए अवसर भी उपलब्ध कराता है। उन्होंने महाराष्ट्री प्राकृत, अपभ्रंश तथा आगे की प्राचीन मराठी से होते हुए भाषा की यात्रा प्रस्तुत की तथा वररुचि की पुस्तक प्राकृत प्रकाश का उल्लेख करते हुए मराठी की प्राचीनता के प्रमाण सामने रखे। ज्ञानेश्वरी, लीळा चरित्र, संत साहित्य तथा उन्नीसवीं सदी में आधुनिक मराठी की प्रगति पर दृष्टि डालते हुए उन्होंने मराठी की प्रतिभा, माधुर्य और मौलिकता को रेखांकित किया। साथ ही ज्ञानेश्वरी से पूर्व के लगभग डेढ़ हजार वर्षों की भाषिक एवं लिपिबद्ध परंपरा पर अपेक्षित अनुसंधान कम हो जाने पर खेद भी व्यक्त किया।




डॉ कुलकर्णी ने बताया कि अभिजात भाषा योजना के अंतर्गत राज्य को उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने का अवसर मिलेगा तथा इसकी अधिसूचना फरवरी-मार्च में अपेक्षित है। इसके लिए विभाग द्वारा विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन तैयार करने का कार्य अंतिम चरण में है तथा विशेषज्ञों के परामर्श से उसमें विभिन्न प्रस्ताव सम्मिलित किए जा रहे हैं। उन्होंने अमरावती में आयोजित ग्यारह अभिजात भाषाओं के सम्मेलन का उल्लेख करते हुए कहा कि मराठी में दिए गए भाषण अन्य भाषाओं में तुरंत उपलब्ध कराने के लिए भाषिणी अनुप्रयोग के प्रयोग से महाराष्ट्र ने प्रौद्योगिकी के माध्यम से भाषा संवाद का नया मार्ग दिखाया है।

भाषाओं में ज्ञान की भाषा और लोकभाषा की संकल्पनाओं को स्पष्ट करते हुए उन्होंने कहा कि प्राकृत आम जन की भाषा है, संस्कृत ज्ञान की भाषा है और आधुनिक काल में शोध प्रबंधों की अधिकता के कारण अंग्रेज़ी ज्ञान की भाषा बन गई है, जबकि सार्वजनिक जीवन में मराठी संवाद की भाषा है। विभिन्न बोलियों से शब्द, व्याकरण और प्रयोग पद्धतियों को एकत्र कर मानक भाषा बनती है, इसलिए मानक भाषा को उन्होंने बोलियों की 'संतान' बताया। अभिजात की संकल्पना पर बोलते हुए उन्होंने पाश्चात्य विचारधाराओं, ज्ञानकोशों तथा तर्कतीर्थ लक्ष्मणशास्त्री जोशी द्वारा दिए गए 'आदर्श अनुकरण' और 'संकेतों का अनुसरण' जैसे मानदंडों की जानकारी दी।

सचिव डॉ कुलकर्णी ने कहा कि संरक्षण, अनुसंधान, अनुवाद तथा रोजगार सृजन के क्षेत्र में विभाग एक वर्ष में बड़ा लक्ष्य हासिल करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने मानव संसाधन, स्थान और प्रशिक्षण – इन तीन मुद्दों पर केंद्रित रहकर विभिन्न भाषाओं के पाठक और संरक्षक तैयार करने के लिए प्रशिक्षण पाठ्यक्रम लागू किए जाने की जानकारी दी। साथ ही निधि संकलन के लिए सामाजिक दायित्व निधि के माध्यम से मराठी उद्यमियों की सहायता लेने का सुझाव भी दिया। उन्होंने यह भी बताया कि मराठी प्रभुत्व से जुड़े अनेक व्यावसायिक अवसर उपलब्ध हैं तथा कुछ उद्यमियों का वार्षिक कारोबार 500 करोड़ से अधिक है।

उन्होंने मराठी के उपेक्षित 1,500 वर्षों के कालखंड पर अधिक अनुसंधान की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही आगामी चरण में प्रकाशन और अनुवाद के लिए आदनव अकादमी नामक स्वायत्त संस्था की स्थापना की जा रही है, यह भी जानकारी दी। प्रौद्योगिकी के माध्यम से यांत्रिक अनुवाद संभव हो रहा है, इसलिए मराठी में वर्तनी जांच, शब्द सुझाव और पूर्वानुमान लेखन जैसी सुविधाओं के विकास हेतु नागरिकों से अपने मोबाइल फोन पर अधिक से अधिक मराठी टंकण करने का आवाहन उन्होंने किया। व्याख्यान के अंत में उन्होंने अभिजात दर्जे के बाद की योजना के लिए श्रोताओं से सुझाव आमंत्रित किए और मराठी के भविष्य के विकास के लिए सामूहिक सहभागिता के महत्व को रेखांकित किया।

### पद्म पुरस्कार 2026 की घोषणा

# वरिष्ठ अभिनेता धर्मेंद्र को मरणोपरांत पद्म विभूषण

## महाराष्ट्र के 15 विशिष्ट व्यक्तित्वों को सम्मान

मुंबई(संवाददाता)

मंत्र न्यूज

देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में गिने जाने वाले पद्म पुरस्कारों की आज घोषणा की गई। इस वर्ष कला, खेल, विज्ञान, व्यापार, उद्योग और सामाजिक सेवा जैसे विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान के लिए कुल 131 विशिष्ट व्यक्तित्वों को पद्म पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। इनमें महाराष्ट्र के 15 सम्मानित व्यक्तित्व शामिल हैं। महाराष्ट्र को इस वर्ष एक पद्म विभूषण, तीन पद्म भूषण और 11 पद्म श्री पुरस्कार प्राप्त हुए हैं।

ये प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रत्येक वर्ष गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा घोषित किए जाते हैं। वर्ष 2026 के पद्म पुरस्कारों में देशभर से चयनित कुल 131 व्यक्तियों को सम्मानित किया गया है, जिनमें 5 पद्म विभूषण, 13 पद्म भूषण और 113 पद्म श्री पुरस्कार शामिल हैं। इस वर्ष 19 महिलाएँ, 6 विदेशी अथवा प्रवासी भारतीय तथा 16 व्यक्तियों को मरणोपरांत यह सम्मान देने की घोषणा की गई है।

वरिष्ठ अभिनेता धर्मेंद्र सिंह देओल को मरणोपरांत पद्म विभूषण पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। पद्म भूषण श्रेणी में महाराष्ट्र के तीन प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों का चयन किया गया है। इनमें प्रसिद्ध पार्श्वगायिका अलका याज्ञिक (कला), विज्ञापन क्षेत्र के दिग्गज पीयूष पांडे (मरणोपरांत - कला) तथा बैंकिंग क्षेत्र के अनुभवी उदय कोटक (व्यापार एवं उद्योग) शामिल हैं।

पद्म श्री पुरस्कारों के लिए महाराष्ट्र के 11 विशिष्ट व्यक्तित्वों के नाम घोषित किए गए हैं। इनमें खेल क्षेत्र से क्रिकेट खिलाड़ी रोहित शर्मा, चिकित्सा क्षेत्र में योगदान के लिए श्रीमती आर्मिडा फर्नांडिस, सामाजिक सेवा के लिए जनार्दन बापुराव बोठे तथा कृषि क्षेत्र के लिए श्रीरंग देवबा लाड शामिल हैं। कला क्षेत्र में भिक्क्या धिंडा, माधवन रंगनाथन, रघुवीर तुकाराम खेडकर और सतीश शाह (मरणोपरांत) को यह सम्मान दिया गया है। इसके अलावा व्यापार एवं उद्योग क्षेत्र से अशोक खड़े और सत्यनारायण नुवाल तथा विज्ञान एवं अभियांत्रिकी क्षेत्र से जुज़र वासी को पद्म श्री पुरस्कार प्रदान किए जाने की घोषणा की गई है।

### महाराष्ट्र के तूर किसानों को बड़ी राहत

# केंद्र सरकार ने 2696 करोड़ रुपये की तूर खरीदी को मंजूरी

मुंबई(संवाददाता)

मंत्र न्यूज

महाराष्ट्र के तूर किसानों के कल्याण के लिए केंद्र सरकार ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राज्य से 3.37 लाख मीट्रिक टन तूर की खरीदी को मंजूरी दी है।

यह निर्णय नई दिल्ली में आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में लिया गया। इस निर्णय के अनुसार लगभग 2,696 करोड़ रुपये की राशि से मूल्य समर्थन योजना के अंतर्गत तूर की खरीदी की जाएगी, जिससे राज्य के लाखों किसानों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। बैठक में महाराष्ट्र के विपणन मंत्री जयकुमार रावल तथा केंद्रीय कृषि विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार किसानों के कल्याण के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। यद्यपि तूर खरीदी का यह निर्णय केंद्र सरकार पर बड़ा वित्तीय भार डालेगा, फिर भी किसानों को उनकी मेहनत का उचित मूल्य दिलाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है, ऐसा मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने स्पष्ट किया। यह खरीदी प्रक्रिया राज्य सरकार के समन्वय से राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ और राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता महासंघ के माध्यम से क्रियान्वित की जाएगी।

मंत्री चौहान ने खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने के लिए आधुनिक प्रौद्योगिकी के उपयोग के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि किसानों के पंजीकरण में किसी प्रकार की समस्या न आए और बिचौलियों का हस्तक्षेप पूरी तरह रोका जाए। इसके अलावा किसानों की सुविधा के लिए आवश्यकता अनुसार खरीदी केंद्रों की संख्या बढ़ाने पर भी बैठक में जोर दिया गया। इस प्रक्रिया के माध्यम से तूर की खरीदी सीधे किसानों से की जाएगी और सरकारी राशि व्यापारियों के बजाय वास्तविक उत्पादक किसानों तक पहुँचेगी।

# 'हिंद-दी-चादर' श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के बलिदान से मानवीय मूल्यों की रक्षा की प्रेरणा– मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस

## नांदेड़ में 'हिंद-दी-चादर' श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350वें शहादत वर्ष के स्मरण कार्यक्रम में लाखों श्रद्धालु हुए शामिल

नांदेड़।ः 'हिंद-दी-चादर' श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी का बलिदान मानवीय मूल्यों की रक्षा के लिए था। उनका बलिदान हमें सत्य, धर्म और मानव मूल्यों की रक्षा के लिए निर्भय होकर खड़े रहने की प्रेरणा देता है। इसी कारण राज्य सरकार ने उनके विचारों को राज्य की जनता तक पहुंचाने का निर्णय लिया है, ऐसा प्रतिपादन मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने किया।

मुख्यमंत्री फडणवीस नांदेड़ के मोदी मैदान में आयोजित 'हिंद-दी-चादर' श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350वें शहादत स्मरण कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री अजित पवार, आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री कोनिडला पवन कल्याण, राज्य के जलसंपदा मंत्री गिरीश महाजन, पशुसंवर्धन मंत्री पंकजा मुंडे, सहकार मंत्री बाबासाहेब पाटिल, नांदेड़ के पालक मंत्री अतुल सावे, नई दिल्ली के उद्योग, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सरदार मंजिंदर सिंह सिरसा, पूर्व मुख्यमंत्री एवं सांसद अशोक चव्हाण, सांसद डॉ. अजित गोपछे, सांसद डॉ. भगवत कराड, विधायक प्रताप पाटिल चिखलिकर, विधायक बालाजी कल्याणकर, विधायक सृजया चव्हाण, विधायक जितेंद्र अंतापुरकर, विधायक रवींद्र चव्हाण, राज्य अल्पसंख्यक विकास महामंडल के अध्यक्ष ललित गांधी, मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रधान सचिव श्रीकर परदेशी, विभागीय आयुक्त जितेंद्र पापलकर, विशेष उपमहानिरीक्षक पुलिस शाहाजी उमाप, जिलाधिकारी राहुल कर्डिले, पुलिस अधीक्षक अभिनाश कुमार, गुरुद्वारा बोर्ड के प्रशासक डॉ. विजय सतबीर सिंह तथा शहिदी समागम समिति के राज्य समन्वयक रमेश्वर नाईक उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी का बलिदान केवल सिख धर्म के लिए नहीं, बल्कि इस देश की संस्कृति, सभ्यता, विचारधारा और धर्म की रक्षा के लिए था। उनके शौर्य, पराक्रम, वीरता और सर्वोच्च बलिदान को नमन करने के लिए ऐतिहासिक नांदेड़ की धरती पर लाखों लोग एकत्रित हुए हैं। श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के बलिदान ने पूरे देश में धर्म, स्वतंत्रता और आत्मसम्मान के लिए संघर्ष की नई चेतना जागृत की। उनकी गौरवशाली गाथा प्रत्येक व्यक्ति तक पहुँचे, इसी उद्देश्य से यह शहादत कार्यक्रम आयोजित किया गया है। यह केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं है, बल्कि श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी का इतिहास हर गाँव, हर पाड़े और हर बस्ती तक, हर घर तक पहुँचाने का प्रयास किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि सिख गुरुओं के इतिहास को विद्यार्थियों तक पहुँचाने का दायित्व राज्य सरकार ने अपने हाथ में लिया है।

यह कार्यक्रम श्री गुरु नानक देव जी के विचारों में विश्वास रखने वाले सभी समुदायों को एक साथ लाने का प्रयास है। देश की प्रतिकूल परिस्थितियों में श्री गुरु नानक देव जी ने ऐसे महान विचार दिए, जो समाज को जोड़ने और भेदभाव मिटाने वाले थे। उन्हीं विचारों ने देशभर के विभिन्न समुदायों को एक सूत्र में बाँधने का कार्य किया। इस कार्यक्रम के माध्यम से सभी समुदायों को एकजुट करने का प्रयास किया जा रहा है। संत नामदेव महाराज महाराष्ट्र के महान संत थे, जिनकी समाधि पंजाब के घुमान में स्थित है। संत नामदेव के विचार, उनके अभंग और पंक्तियों को श्री गुरु ग्रंथ साहिब में स्थान मिला है और वे गुरबाणी का अभिन्न अंग बने हैं। इसके कारण महाराष्ट्र की वारकरी परंपरा और सिख समाज के बीच का अनोखा और अटूट संबंध और अधिक सुदृढ़ हुआ है। श्री गुरु गोबिंद सिंह महाराज के दीर्घ प्रवास ने नांदेड़ की धरती को पावन बनाया है और इस भूमि ने सामाजिक सद्भाव को मजबूत करने का कार्य किया है, ऐसा मुख्यमंत्री फडणवीस ने उल्लेख किया।

उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी का बलिदान किसी एक धर्म तक सीमित नहीं था, बल्कि संपूर्ण मानव सांस्कृतिक विरासत की रक्षा के लिए था। अत्याचारी शासकों की दमनकारी नीतियों के विरुद्ध विचारों की स्वतंत्रता और धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा के लिए किया गया उनका बलिदान इतिहास में अद्वितीय उदाहरण है। उनका निर्भीक आचरण धार्मिक और नैतिक दृढ़ता का आदर्श प्रस्तुत करता है।

उपमुख्यमंत्री श्री पवार ने यह भी कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी ने देशभर में भ्रमण कर जनसामान्य तक धार्मिक ज्ञान पहुँचाया और आध्यात्मिक, सामाजिक तथा आर्थिक उन्नयन के लिए रचनात्मक कार्य किए। उन्होंने अंधविश्वास और कुरीतियों के विरुद्ध जनजागृति की तथा कुएँ खुदवाने, धर्मशालाओं की स्थापना, दान-धर्म और पशु कल्याण जैसे लोककल्याणकारी कार्य भी किए।

आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण ने अपने भाषण की शुरुआत मराठी में करते हुए कहा कि महाराष्ट्र आकर उन्हें अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। उन्होंने कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के बलिदान के स्मरण का यह कार्यक्रम अविस्मरणीय रहेगा। उन्होंने युवाओं से अपील की कि गुरु तेग बहादुर जी के जीवन से प्रेरणा लेकर देश को नई ऊँचाइयों पर ले जाने का संकल्प लें और देश की अखंडता बनाए रखें। महाराष्ट्र ने छत्रपति शिवाजी महाराज, संत तुकाराम, संत ज्ञानेश्वर, महात्मा फुले और डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के इतिहास के माध्यम से शक्ति के साथ सामंजस्य बनाए रखने का संदेश दिया है, ऐसा भी उन्होंने कहा।

दिल्ली के उद्योग, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सरदार मंजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि इस समागम कार्यक्रम में सम्मिलित होकर उन्हें अत्यंत आनंद हो रहा है। राज्य सरकार और नौ समुदायों की सहभागिता से यह भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचार के अनुसार श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी का इतिहास विश्व तक पहुँचाने का कार्य मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने किया है। ऐतिहासिक नांदेड़ की धरती पर आयोजित इस समागम के अवसर पर उन्होंने महाराष्ट्र सरकार का आभार व्यक्त किया और कहा कि इस कार्यक्रम ने महाराष्ट्र की मिट्टी में विभिन्न समुदायों को एक साथ जोड़ने का कार्य किया है।

# गणतंत्र दिवस पर महाराष्ट्र के 75 पुलिसकर्मी राष्ट्रपति एवं शौर्य पदक से सम्मानित

मुंबई । गणतंत्र दिवस के अवसर पर महाराष्ट्र के 75 पुलिसकर्मियों को राष्ट्रपति पदक और शौर्य पदक से सम्मानित किया जाएगा। इन 75 पुलिसकर्मियों में से 31 पुलिसकर्मी गढ़चिरोली जिले से हैं, जिन्होंने नक्सलवाद के विरुद्ध चलाए गए अभियानों में अदम्य साहस और वीरता का परिचय दिया है।

**गृह मंत्रालय ने जारी की विजेताओं की सूची**

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने देशभर के पुलिस, अग्निशमन, होम गार्ड तथा नागरिक सुरक्षा बलों के कुल 982 कर्मियों की सूची जारी की है। इस सूची में 101 कर्मियों को राष्ट्रपति पदक तथा 756 कर्मियों को उत्कृष्ट सेवा पदक प्रदान किए जाने की घोषणा की गई है। यह सम्मान प्रतिवर्ष गणतंत्र दिवस से पूर्व घोषित किए जाते हैं।

**इन पुलिसकर्मियों को मिला शौर्य पदक**

गृह मंत्रालय द्वारा जारी सूची के अनुसार गढ़चिरोली जिले से शौर्य पदक प्राप्त करने वालों में नायक कांस्टेबल बिताजी वेलादी, कांस्टेबल कारे इरपा अत्राम, कांस्टेबल मोहन लच्छू उसेंदी (पहला बार), सहायक निरीक्षक अमोल फड़तारे, सहायक उप निरीक्षक वासुदेव मडवी, मधुकर नायतम, पुलिस नायक संतोष नायतम तथा विश्वनाथ सदमेकर शामिल हैं। इन सभी पुलिसकर्मियों को वामपंथी उग्रवाद के विरुद्ध की गई कार्रवाई में उनके साहस और बलिदान के लिए सम्मानित किया गया है।

**इन्हें मिला राष्ट्रपति पदक**

इस वर्ष अतिरिक्त पुलिस आयुक्त महेश पाटिल, पुलिस उपायुक्त बालकृष्ण यादव, सहायक पुलिस आयुक्त साइरस बोमन ईरानी तथा विठ्ठल कुबड़े को राष्ट्रपति पदक से सम्मानित किया गया है। पुलिस उपायुक्त बालकृष्ण यादव ने मुंबई पुलिस में सीसीटीवी निगरानी व्यवस्था, डायल 100 और 112 परियोजनाओं, रेडियो ट्रंकिंग प्रणाली, त्वरित प्रतिक्रिया दल तथा फोर्स वन कमांडो इकाई जैसी महत्वपूर्ण परियोजनाओं में प्रभावी संचार प्रणाली लागू करने में उल्लेखनीय भूमिका निभाई है।

**इन अधिकारियों को मिला उत्कृष्ट सेवा पदक**

इसके अतिरिक्त पुलिस महानिरीक्षक राजीव जैन, सुधीर हिरेमठ, सिंधुदुर्ग जिले में तैनात पुलिस अधीक्षक शौला साइल (आतंकवाद निरोधक दस्ता), पुलिस अधीक्षक मोहन दहिकर, पुलिस उपायुक्त (साइबर) पुरुषोत्तम करम, सहायक पुलिस आयुक्त महेश तवाडे, नीलम वावल तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक किरण पाटिल सहित 40 अन्य अधिकारियों को उत्कृष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया है।

**किस पदक का क्या महत्व है**

केंद्रीय गृह मंत्रालय के अनुसार, शौर्य पदक असाधारण बहादुरी और अत्यधिक जोखिम वाले कार्यों के लिए प्रदान किया जाता है। राष्ट्रपति पदक उत्कृष्ट सेवा के लिए दिया जाता है, जबकि उत्कृष्ट सेवा पदक कर्तव्य के प्रति समर्पण, निष्ठा और निरंतर परिश्रम के लिए प्रदान किया जाता है।

# बिन पानी सब सून - जैसल पार्क चौपाटी भाईदंर की कहानी

## जैसल पार्क चौपाटी गेट नंबर 1 पर पीने का पानी नही





भाईदंरः बिन पानी सब सुन - यह मिशूका है भाईदंर पूर्व जैसल पार्क चौपाटी का यहां तकरीबन हजारो की संख्या मे बूढे बुजूर्ग महिला नौजवान और छात्र छात्राओं का आना जाना है लेकिन गेट नंबर 1 पर पानी ही नदारद है । पीने के पानी ने होने के कारण सुबह जागिंग पर खासकर वरिष्ठ नागरिक बुजूर्गो को काफी तकलीफ होती है। बुजूर्ग महिलाएं भी सुबह टहलने आती है तो इस पार्क के आस पास कही पीने के पानी के अभाव मे तकलीफदेह की बात करती है। नौजवान छात्र अक्सर क्रिकेट फुटबाल और जागिंग करने आते है लेकिन पानी की कमी से वह इस तकलीफ को बंया करते है। जैसल पार्क चौपाटी भाईदंर का सबसे बडा पार्क एरिया है इसमे कई खुबसूरत गार्डेन है लेकिन पानी की व्यवस्था गेट नंबर 1 पर न होना तकलीफदेह है।

इन सब लोगो से मंत्र भारत के संवावदाता की बातचीत मे यह बात सामने आयी कि गेट नंबर 1 पर पानी की सुबिधा तत्काल प्रभाव से अति आवश्यक है जो बुजूर्ग वरिष्ठ नागरिक और महिलाओ को इस कठिनाई से राहत मिल सकती है।

एक बुजूर्ग ने बात करते है मंत्र भारत संवावदाता से कहा कि 'हम अक्सर आए दिन यहां पार्क मे टहलने आते है लेकिन कभी प्यास लगने पर पानी की व्यवस्था न होना तकलीफ देह है। प्रशासन और स्थानीय जनप्रतिनिधियो के माध्यम से यह तकलीफ पर गुजरिश है कि वह तत्काल ध्यान दे और एक फिल्टर वाटर पानी की व्यवस्थ करे।

-

**भूमिशंकर स्थानीय वरिष्ठ नागरिक**



मै इस पार्क मे बतौर सागरी तट गेट नंबर 1 पर तैनात हूं पानी की तकलीफ हमे होने पर अक्सर दूर जाकर लाना पडता है जिस वजह से असुविधाजनक चीजो का अनुभव होता है प्रशासन और मनपा इस बाबत पानी फिल्टर लगाकर देगी तो हजारो लोगो को इसका लाभ होगा।

**- नितिन रामचंद्र माछी**

मै अक्सर यहां आकर पीने के पानी की तकलीफ स ा ` जूझता हूं रात के समय ड्यूटी करते हुए मुझे यह अनुभव कडवा लगता है इतना बडा प्रशासन एक पानी की सुविधा पर ध्यान तो देना चाहिए।

**- अशोक स्थानीय तटरक्षक**



पीने के पानी जैसल पार्क चौपाटी जैसे बडे जगह पर होना नितांत आवश्यक है मै जब ड्यूटी पर होता हूं तो गेट 1 से दूर गेट 2 पर जाकर पानी लाना पडता है वह पानी की भी गुणवत्ता इतन अच्छी नही है । प्रशासन और जनसेवक इस पर ध्यान देकर फिल्टर वाटर की सुविधा पर ध्यान दे।

**- संग्राम , पुलिसकर्मी ड्यूटी के दौरान**

## सम्पादकीय

# मणिपुर में शांति की लौ जली ही थी, एक हत्या ने फिर बढ़ा दी आग, वारदात ने सब बदल दिया

पिछले कुछ समय से मणिपुर में जिस तरह हालात थोड़े काबू में दिख रहे हैं, उसके मद्देनजर यह उम्मीद स्वाभाविक है कि अब शायद वहां शांति और स्थिरता लौट सकेगी। मगर बुधवार को एक व्यक्ति की हत्या के बाद फिर से शांति की उम्मीद के धुंधलाने की आशंका खड़ी हो गई है। गौरतलब है कि मणिपुर के अशांत चुराचांदपुर जिले में कुछ संदिग्ध उग्रवादियों ने मैतेई समुदाय के एक व्यक्ति को अगवा कर लिया, फिर गोली मार कर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद उस इलाके में तनाव फिर बढ़ गया। गुरुवार को हत्या के विरोध में काकचिंग खुन्नौ लामखाई क्षेत्र में लोगों ने उग्र प्रदर्शन किया और वाहनों की आवाजाही बाधित कर दी। जाहिर है, काफी जद्दोजहद के बाद राज्य में जो हालात थोड़े नियंत्रण में आते दिख रहे थे, उसके फिर बिगड़ने की स्थिति बन रही है।

खबरों के मुताबिक, काकचिंग जिले के एक मैतेई युवक की शादी चुराचांदपुर की कुकी जनजाति की युवती से हुई थी। स्थानीय समूहों ने युवक को पत्नी के साथ रहने की इजाजत दे दी थी। मगर इसके बाद अचानक ही कुछ लोगों ने अगवा कर युवक की हत्या कर दी। अपहरणकर्ताओं के एक उग्रवादी कुकी समूह से जुड़े होने का संदेह है।

हालांकि इस घटना की जांच का जिम्मा एनआइए को दे दिया गया है और निष्कर्ष आने के बाद ही हकीकत सामने आएगी। मगर हत्या के पीछे उन तत्त्वों का हाथ होने की आशंका है, जो नहीं चाहते कि राज्य में शांति फिर से पटरी पर लौटे। आपस में दो विरोधी समुदायों के युवक-युवती की शादी के बाद जब स्थानीय समूहों ने दोनों को साथ रहने की अनुमति दे दी थी, तो यह पहल सामुदायिक स्तर पर भी सद्भाव की वापसी की एक कड़ी बन सकती थी। इसके बाद दोनों समुदायों के बीच सहमति आधारित समाधान की राह की तलाश करने में मदद मिल सकती थी। मगर वे कौन लोग हैं, जिन्हें इस पर आपत्ति हुई और उन्होंने अपहरण करके युवक की हत्या कर दी?

साफ है कि इस घटना को अंजाम देने वालों का मकसद फिर से दोनों समुदायों के बीच अशांति और हिंसा को भड़काना है। निश्चित रूप से एक व्यक्ति की हत्या भी बेहद दुखद है, लेकिन फिलहाल जरूरत इस बात की है कि किसी भी घटना को अशांति पैदा करने का कारण न बनने दिया जाए। मणिपुर में मैतेई समुदाय को जनजातीय दर्जा देने के मसले पर मई, 2023 में कुकी-जो समुदाय के साथ जो टकराव पैदा हुआ था, उसमें अब तक ढाई सौ से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं और हजारों परिवार बेघर हुए। लगातार हिंसा और अराजकता में पिछले कुछ समय से थोड़ी कमी देखी जा रही है, मगर जमीन पर दोनों समुदायों के बीच विभाजन की स्थिति अभी भी बनी हुई है।

इसे पाटने के लिए सरकार को हर उस पहल का समर्थन करना चाहिए और कुकी तथा मैतेई समुदाय के बीच समझौते की स्थितियों का निर्माण करना चाहिए, जिससे राज्य में शांति कायम हो सके। इस क्रम मंघ केंद्र सरकार, मणिपुर सरकार और कई कुकी-जो संगठनों के बीच एसओओ यानी 'सस्पेंशन आफ आपरेशन्स' समझौता हुआ था, जिसका मकसद उग्रवादी समूहों के साथ राजनीतिक संवाद शुरू करना और हिंसा को समाप्त करना है। मगर अब भी कुछ समूह इससे बाहर हैं। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि मणिपुर में स्थिति फिलहाल नियंत्रण में जरूर दिख रही है और इसके सहारे शांति की उम्मीद की जा सकती है, लेकिन इस स्थिति में अगर निरंतरता नहीं बनी रही, तो एक छोटी चिंगारी भी हिंसा की आग को फिर से भड़का सकती है।



# अमेरिकी शुल्क, वैश्विक संकट और अनिश्चितता के बीच क्यों दौड़ती दिख रही है भारत की अर्थव्यवस्था?

वैश्विक चुनौतियों, अनिश्चितताओं और अमेरिकी शुल्क के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत दिखाई दे रही है। पिछले कुछ दिनों से भारतीय अर्थव्यवस्था पर प्रकाशित अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय रपटों में यह बात उभरकर सामने आई है। इस समय देश पर अमेरिका के पचास फीसद शुल्क की वजह से निर्यात कारोबार प्रभावित हो रहा है, इसके बावजूद वर्ष 2026 में भी देश के विकास की रफ्तार बने रहने की संभावनाएं जताई जा रही हैं। खासतौर से देश में ब्याज दर में कटौती, कच्चे तेल की कीमतों में कमी और महंगाई घटने की जो प्रबल संभावनाएं दिखाई दे रही हैं, उनसे आम आदमी, बाजार और अर्थव्यवस्था बेहतर होने की उम्मीद है। आइआइएफएल कैपिटल की हाल की एक रपट के मुताबिक, आरबीआइ वर्ष 2026 में ब्याज दरों में 0.50 फीसद की और कटौती कर सकता है। साथ ही कच्चे तेल की कीमतें भी कम हो सकती है। इसी तरह एसबीआइ रिसर्च की हालिया रपट में कच्चे तेल की कीमतों के जून 2026 तक पचास डालर प्रति बैरल के स्तर पर पहुंचने का अनुमान है। ऐसे में सस्ते तेल से महंगाई 3.5 फीसद से नीचे आ सकती है और विकास दर भी 7.45 फीसद तक पहुंच सकती है।

वैश्विक रेटिंग एजंसी मूडीज ने अपनी ताजा रपट में कहा कि चालू वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की विकास दर 7.3 फीसद रहेगी। इससे पहले 14 जनवरी को प्रकाशित विश्व बैंक की 'ग्लोबल इकोनामिक प्रास्पेक्ट्स' रपट में कहा गया कि वैश्विक चुनौतियों के बीच भी भारत सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा। विश्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर के पूर्व अनुमान 6.3 फीसद को बढ़ाकर 7.2 फीसद कर दिया है।

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आइएमएफ) की रपट में कहा गया है कि भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूती के साथ आगे बढ़ रही है और भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए विकास का एक प्रमुख इंजन बना हुआ है। इसी तरह संयुक्त राष्ट्र ने हाल में वैश्विक अर्थव्यवस्था पर प्रकाशित रपट में अमेरिकी शुल्क की चुनौती के बीच भारत की मजबूत घरेलू मांग के आधार पर देश की अर्थव्यवस्था के बढ़ने का अनुमान जताया है। इन सबके बीच वर्ष 2028 तक अमेरिका और चीन के बाद भारत के दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाने की उम्मीद की जा रही है।

वैश्विक परामर्श कंपनी बीसीजी की 'ग्लोबल कंज्यूमर रडार' रपट के अनुसार, भारतीय उपभोक्ता मौजूदा आर्थिक मंदी और भू-राजनीतिक संघर्षों से अप्रभावित हैं और भारत 2026 में दुनिया का सबसे आशावादी उपभोक्ता बाजार दिखाई देगा। ऐसे में भारतीय उपभोक्ताओं को महंगाई घटने और ब्याज दरों में कमी से खरीदारी के लिए नई शक्ति मिल सकती है।

पिछले माह, यानी दिसंबर, 2025 में आरबीआइ की ओर से मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में रेपो दर में की गई कटौती के बाद रेपो दर अब 5.25 फीसद हो गई है। यह बात भी महत्त्वपूर्ण है कि खाद्यान्न के रेकार्ड उत्पादन और अच्छे मानसून के बाद कृषि तथा औद्योगिक क्षेत्रों को मिली अनुकूलता से आगामी महीनों में महंगाई में और कमी आने की उम्मीद है। वर्ष 2024-25 में देश में 35.77 करोड़ टन खाद्यान्न का उत्पादन हुआ है। इससे लोगों की क्रय शक्ति बढ़ेगी और ग्रामीण बाजार को मजबूती मिलेगी।

मार्च 2025 से भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौते को लेकर सातवें दौर की वार्ता हुई है, लेकिन अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के लिए बार-बार वार्ता के लक्ष्य बदले हैं। शुरुआत में ट्रंप ने कहा कि भारत को अमेरिका से अधिक खरीद कर व्यापार घाटे को कम करना चाहिए। साथ ही भारत के डेयरी और कृषि क्षेत्र को अमेरिका के लिए खोलने की मांग भी उठाई।

उसके बाद वे रूसी तेल पर केंद्रित हो गए और पिछले दिनों यह कहकर दबाव बनाने की कोशिश की गई कि भारत की नीतियों से अमेरिका संतुष्ट नहीं है। ऐसे में अमेरिका के बाजार में प्रभावित होने वाले निर्यात की भरपाई के लिए भारत को तेजी से नई वैकल्पिक व्यवस्था स्थापित करनी होगी। हालांकि वैश्विक व्यापार की चुनौतियों के बीच भारत से निर्यात बढ़ाना कोई सरल काम नहीं है।

एक ओर भारत को द्विपक्षीय एवं मुक्त व्यापार समझौतों के तहत निर्यात बढ़ाने होंगे, वहीं नए निर्यात बाजार भी तलाशने होंगे। इसमें दोराय नहीं कि भारत की ओर से ब्रिटेन, ओमान और न्यूजीलैंड के साथ किए गए मुक्त व्यापार समझौतों का वित्त वर्ष 2026 में कार्यान्वयन अहम होगा। साथ ही इस वर्ष पेरू, चिली, आसियान, मैक्सिको, कनाडा, दक्षिण अफ्रीका और इजराइल सहित अन्य प्रमुख देशों के साथ भी इसी तरह के समझौते आकार ले सकते हैं।

हाल में जर्मनी के चांसलर की दो दिवसीय भारत यात्रा ने यूरोपीय संघ के साथ भारत के मुक्त व्यापार समझौते के जल्द सिरे चढ़ने की उम्मीदें बढ़ा दी हैं। यह भी महत्त्वपूर्ण है कि भारत की ओर से विभिन्न देशों के साथ किए गए समझौतों से भारतीय पेशेवरों के लिए वैश्विक अवसर खुलेंगे।

इस बात को भी ध्यान में रखना होगा कि निर्यात को गति देने के लिए संरचनात्मक सुधार भी जरूरी हैं। निर्यातकों की दिक्कतें केवल शुल्क वृद्धि तक सीमित नहीं हैं, बल्कि एंटी-डंपिंग शुल्क से भी जुड़ी हैं। चालू वित्त वर्ष 2025-26 में ऋण स्थगन की सुविधा का कम प्रयोग किए जाने के बाद इसे वर्ष 2026-27 में बढ़ाया जाना लाभप्रद होगा।

निर्यात बढ़ाने के लिए सभी राज्यों में मान्यता प्राप्त आधुनिक प्रयोगशालाएं भी जरूरी हैं। अब निर्यात बढ़ाने के लिए बाजार तक पहुंच के साथ-साथ गुणवत्तापूर्ण उत्पादन, कम ऊर्जा लागत, अधोसंरचना और गंतव्य निर्यात बाजारों के साथ नियामकीय समन्वय स्थापित किया जाना भी आवश्यक है। भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से भी अमेरिकी शुल्क से प्रभावित निर्यातकों के लिए राहत के नए कदम उठाने का प्रयास करना होगा। निश्चित रूप से वर्ष 2026 में भारत के लिए बेहतर आर्थिक संभावनाएं हैं, लेकिन मजबूत आर्थिक गति को बनाए रखने के लिए वैश्विक अनिश्चितता के बीच घरेलू खपत बढ़ाने, रोजगार सृजन और राजकोषीय घाटे पर नियंत्रण के साथ आर्थिक सुधारों की डगर पर आगे बढ़ना होगा। इन सुधारों में नई पीढ़ी-अगली पीढ़ी के सुधार, जीवन में आसानी, कारोबार सुगमता, बुनियादी ढांचा सुधार, प्रशासन को सशक्त बनाने और अर्थव्यवस्था को मजबूती देने संबंधी सुधार शामिल हैं।

साथ ही कृषि, बैंकिंग, परिवहन एवं दूरसंचार, बिजली, परमाणु ऊर्जा, अंतरिक्ष, रक्षा, पेट्रोलियम, कोयला और अन्य खनिज क्षेत्र में सुधारों पर भी काम करना होगा। उम्मीद की जानी चाहिए कि सरकार वर्ष 2026 में विश्व बैंक की वित्तीय क्षेत्र आकलन समिति की उस रपट को अवश्य ध्यान में रखेगी, जिसमें कहा गया है कि भारत में उद्योग-कारोबार के मजबूत विकास के लिए आर्थिक-वित्तीय क्षेत्र में तेज सुधारों के साथ निजी पूंजी जुटाने को बढ़ावा देने की जरूरत होगी। माना जा रहा है कि देश में आने वाले दिनों में महंगाई कम रहेगी, निर्माण और विनिर्माण गतिविधियां मजबूत होंगी, निजी क्षेत्र की आर्थिक स्थिति दमदार रहेगी।

# इफको फूलपुर : किसानों के प्रति समर्पित संस्था

इफको, उर्वरकों के उत्पादन और



वितरण पर केंद्रित एक बहु-राज्य सहकारी समिति है, जिसकी स्थापना 1967 में 57 भारतीय सहकारी समितियों द्वारा भारतीय किसानों की आजीविका में सुधार लाने और देश की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लक्ष्य के साथ की गई थी। आज भारत भर में 35,600 से अधिक सहकारी समितियों के माध्यम से, इफको सीधे 5 करोड़ से अधिक किसानों को सेवा प्रदान करता है। पिछले 5 वर्षों में, इफको ने उच्च गुणवत्ता वाले कृषि इनपुट और विशेषज्ञ तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान करके लगातार किसानों की जरूरतों को पूरा किया है, जिससे उन्हें उनकी खेती की यात्रा के हर चरण में सशक्त बनाया गया है।

हर साल, इफको पूरे भारत में लगभग 95 लाख मीट्रिक टनपारंपरिक उर्वरकों का उत्पादन करता है। जो देश के फ़ॉस्फ़ेटिक फ़र्टिलाइज़र का लगभग 32इ और नाइट्रोजन वाले फ़र्टिलाइज़र का 21इ हिस्सा है। इस वित्त वर्ष में, इफकोने अपनी पांच इकाईयों में पहले ही 69.53 लाख शऊ फर्टिलाइजर का उत्पादन किया है। इफकोके पास इंडियन पोटाश लिमिटेड में 34इ शेयरहोल्डिंग है। पिछले साल 110 लाख शऊ से ज़्यादा पारंपरिक उर्वकों की बिक्री हुई है।

इफकोनेनो उर्वरक तकनीकों में वैश्विक अग्रज के तौर पर उभरा है, जिसने नैनो यूरिया प्लस (20इ नाइट्रोजन), नैनो डीएपी,जैसे इनोवेटिव उत्पाद तथा नैनो कॉपर, नैनो जिंक जैसेउन्नत उत्पाद भी लॉन्च किए गए हैं।नैनो फर्टिलाइजर की बिक्री साल 2024-25 में 364 लाख बोतलों कसर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गई और इस साल (अप्रैल - दिसंबर 2025) में 229.55 लाख बोतलों की बिक्री हुई।

इफको ने ओमान, जॉर्डन, सेनेगल और दुबई में संयुक्त उद्यमों के माध्यम से वैश्विक उपस्थिति का विस्तार किया है। जिससे वैश्विक उर्वरक क्षेत्र में भारत की मौजूदगी और मजबूत हुई है। यह बहुत गर्व की बात है कि हमारे संयुक्त उद्यम के ज़रिए जून 2026 तक ब्राज़ील में एक नैनो फर्टिलाइज़र बनाने का प्लांट चालू हो जाएगा।

सहकारिता मंत्रालय की देखरेख में, और माननीय श्री अमित शाह जी के नेतृत्व में, साथ ही माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी मार्गदर्शन में, इफको 'सहकार से समृद्धि,' 'आत्मनिर्भर भारत,' और 'आत्मनिर्भर कृषि' के राष्ट्रीय विज़न के साथ पूरी तरह से जुड़ा हुआ है।इफकोकेऑर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित किसान ड्रोन ने नैनो फर्टिलाइज़र का सटीक छिड़काव करके, उत्पादकता बढ़ाकर, लागत कम करके और ग्रामीण उद्यमियों को मज़बूत बनाकर फर्टिलाइज़र के क्षेत्र में क्रांति ला दी है। नमो ड्रोन दीदी पहल के तहत, ग्रामीण ड्रोन उद्यम के विकास के साथ-साथ महिला किसानों को ड्रोन तकनीकी का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

शुरूआत से अब तक (1981) इफको फूलपुर इकाई ने 536.6 लाख शऊ से ज़्यादा यूरिया उर्वरक का उत्पादन किया है, जो राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा में अहम योगदान देता है। वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान, फूलपुरइकाई19.0 लाख शऊ से ज़्यादा नीम कोटेड यूरिया का उत्पादन करेगी। चालू वित्त वर्ष में इफको फूलपुर इकाई नैनो यूरिया प्लस का उत्पादन 42.57 लाख बोतलों (हर एक 500 स्त) तक पहुँच गया है, जो लगभग 1.91 लाख मीट्रिक टन परंपरिक यूरिया के बराबर है, जो नेक्स्ट-जेनरेशन फर्टिलाइज़र सॉल्यूशंस में इसकी लीडरशिप दिखाता है। इफको फूलपुर इकाई ने साल 2025-26 में नैनो डीएपी तरलका उत्पादन भी शुरू किया और अब तक 5.56 लाख बोतलें बनाई जा चुकी हैं, जिसने28,000 हज़ार शऊ पारंपरिक डीएपीकी जगह असरदार तरीके से ले ली है।

प्रबंध निदेशक श्री के.जे.पटेल व इफको अध्यक्ष श्री दिलीप संघानी का कुशल मार्गदर्शन व नेतृत्व हमें प्रेरणा देता है। प्रबंध निदेशक श्री के.जे.पटेल ने 18 से 20 दिसंबर 2025 तक फूलपुर इकाई के अपने प्रथम आधिकारिक दौरे के दौरान; उन्होंने कई नई स्कीम का उद्घाटन कियार। फूलपुरसंयंत्र, नैनोऔर कोरडेटका दौरा किया। इसके अलावा उन्होंने कोरडेटमें 'किसान संगोष्ठी' की और यूनियन, एसोसिएशन और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक किया।

इफको फूलपुर ने कई कैपिटल प्रोजेक्ट पूरे किए हैं, जैसे अमोनिया-घ्प्लांट कूलिंग टावर का सुधार, यूटिलिटी बॉयलर्स का चिमनी इंटर-कनेक्शन, अमोनिया-2 में एडिशनल कूलिंग टावर सेल बनाना और अमोनिया-2 और 2 कूलिंग टावर में मौजूदा सेल का सुधार।टाउनशिप की सुरक्षा के लिए CCTV कैमरे लगाए जा रहे हैं जो कुछ हद तक चालू हो गए हैं।

इफकोफूलपुर इकाई को उत्पादन, ऊर्जा संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण और सुरक्षा के क्षेत्र में हर साल विभिन्न संस्थानों से प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। वर्ष 2025-26 में निम्नलिखित पुरस्कार प्राप्त हुए हैः

**CII अवार्ड्सः** भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा फूलपुर-छ इकाई को ऊर्जा प्रबंधन में उत्कृष्टता के लिए 26वें राष्ट्रीय अवार्ड -2025 में 'उत्कृष्ट ऊर्जा कुशल इकाई' के तौर पर अवार्ड दिया गया है।

फूलपुर-2 इकाई को लगातार तीन वर्षों तक ऊर्जा प्रबंधन में निरंतर और प्रगतिशील प्रदर्शन के लिए 'राष्ट्रीय ऊर्जा नेतृत्व' के रूप में भी मान्यता दी गई है।

**सेफ्टी अवार्डः** इफको फूलपुर इकाई को वर्ष 2022-2024 के दौरान व्यावसायिक सुरक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में सराहनीय उपलब्धि के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद का सर्टिफिकेट ऑफ़ मेरिट पुरस्कार प्रदान किया गया है।

**ब्रिटिश सेफ्टी काउंसिलः** इफको फूलपुर इकाई को 29 मई 2025 को मुंबई में ब्रिटिश सेफ्टी काउंसिल द्वारा 2024 के दौरान अच्छे स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रबंधन के प्रति मजबूत प्रतिबद्धता प्रदर्शित करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा पुरस्कार-2025 से सम्मानित किया गया है।

**पर्यावरणः** ग्रो केयर इंडिया की ओर से पर्यावरण प्रबंधन के लिए 'गोल्ड अवार्ड'प्राप्त हुआ।

इफको ग्रामीण भारत की प्रगति के माध्यम से सफलता को मापता है, महिलाओं को सशक्त बनाने और किसानों को शिक्षित करने पर ध्यान केंद्रित करता है। इसकी फूलपुर इकाई यूरिया उत्पादन से आगे बढ़कर कोआपरेटिव रूरल डेपलपमेंट ट्रस्ट के माध्यम से किसानों को सक्रिय रूप से सहायता प्रदान करती है। मोतीलाल नेहरू फार्मर्स ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, किसानों को आधुनिक तकनीकों के बारे में शिक्षित करता है, और स्थानीय रूप से प्राप्त नीम के बीजों का उपयोग करके तरल जैव-उर्वरक और नीम-लेपित यूरिया का उत्पादन करता है, नीम तेल के उत्पादन में लोकल नीम के बीजों का इस्तेमाल किया जाता है।

फूलपुर इकाई केन्द्रीय विद्यालय कल्याण कार्यक्रम, आईआरडीपी, महिला चेतना क्लब और ओम कल्याण समिति जैसी पहलों के माध्यम से सामुदायिक विकास में सहायक है। स्वच्छता सुविधाएँ, हैंडपंप और सौर लाइटें स्थापित करना, आवश्यक वस्तुओं का वितरण, स्वास्थ्यशिविर आयोजित करना और शिक्षा के साथ यूनिफार्म और कक्षाओं के संचालन में सहयोग इत्यादि।

देश और उसके किसानों की सेवा के लिए समर्पित, इफको फूलपुर इकाई का उद्देश्य कृषि उत्पादकता को बढ़ाना, सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित करना और कृषक समुदाय के लिए जीवन की समग्र गुणवत्ता में सुधार करना है।

# क्या नोएडा के युवा इंजीनियर युवराज की मौत से सिस्टम लेगा सबक?

नोएडा के युवा साफ्टवेयर इंजीनियर युवराज मेहता की मौत ने देश के सिस्टम में व्याप्त लापरवाही पूर्ण सोच व खामियों की एकबार फिर से पोल खोलने का कार्य कर दिया है। दुर्घटना के बाद किसी के घर का चिराग सिस्टम की लापरवाही से पूरी वीरता से लड़ते हुए कुंभकर्णी नींद में सो रहे सिस्टम को जगाने के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर गया है। इस हृदयविदारक घटना के बाद से ही उत्तर प्रदेश के सिस्टम में हड़कंप मचा हुआ है, जिसके चलते ही तत्काल नोएडा प्राधिकरण ने इस घटना की जांच कराने की घोषणा कर दी थी और प्रारंभिक जांच के आधार पर अपनी गाज गिराते हुए एक इंजीनियर की नौकरी से समाप्ति तक की कार्रवाई कर दी, वहीं युवराज के पिता ने भी एफआईआर दर्ज करवाई है, और नोएडा प्रशासन ने भी दो लापरवाह बिल्डरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई है, जिस पर पुलिस जांच करके आगे की कार्रवाई करेगी। वहीं इस दुखद घटना का उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को संज्ञान लेते हुए तीन सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन करते पांच दिन में जांच रिपोर्ट तलब करने आदेश दिए हैं, एसआईटी के गठन के तुरंत बाद ही नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम. (आईएएस) को हटा कर प्रतिक्षा सूची में रख दिया गया है।

लेकिन इस घटना के बाद लगता है कि ऐसी भयंकर लापरवाही वाली स्थिति में क्या कभी भारत को विश्वगुरु बनाया जा सकता है। हमें ध्यान रखना चाहिए कि भारत को विश्वगुरु बनाने के सपना को धरातल पर साकार होते हुए देखना हर देशभक्त भारतीय का अपना सपना है। लेकिन देश के सिस्टम में बैठे हुए कुछ लोगों का लापरवाही पूर्ण व भ्रष्टाचार युक्त आचरण इस में सबसे बड़ा बाधक है, अगर ऐसा ही चलता रहा तो यह सपना धरातल पर कैसे मूर्तरूप लेगा, यह एक बड़ा सवाल हर देशभक्त भारतीय के जहन में अक्सर घूमता रहता है। नोएडा में सिस्टम में बैठे कुछ लोगों की लापरवाही का एक उदाहरण शुक्रवार की रात नोएडा में हुई एक कार दुर्घटना के बाद देखने को मिला, जिस तरह से नोएडा में दिलो-दिमाग को झकझोर देने वाली दर्दनाक घटना घटित हुई, उसने दुनिया में हमें उपहास का पात्र बना दिया है, क्योंकि देश एक तरफ़ तो चंद्रमा व मंगल तक अंतरिक्ष की ऊंचाई को छूने का कार्य कर रहा है, वहीं सागर की गहराइयों को चीरते हुए तल तक जा रहा है, लेकिन सिस्टम को बचाव का पूरा समय मिलने के बावजूद भी सिस्टम में बैठे हुए कुछ लोगों की अनिर्णय की स्थिति या लापरवाही के चलते देश के भविष्य 27 वर्षीय युवा इंजीनियर को जमीन पर भी नहीं बचा पा रहा है, जो ठीक नहीं है। यहां आपको बता दें कि इंजीनियर युवराज मेहता की शुक्रवार की रात 12:05 पर अनियंत्रित कार नोएडा में दुर्घटना के बाद एक नाले की दीवार को तोड़ते हुए बिल्डर के द्वारा बेसमेंट के लिए खोदकर छोड़े गए गहरे गड्ढे में गिर गई थी और समय रहते ही युवराज ने फोन करके 12.25 बजे घटना स्थल के पास ही स्थित अपने घर पर पिता को अपने साथ हुई दुर्घटना की जानकारी दी थी। जिसके बाद युवराज के पिता ने भी पुलिस को समय रहते हुए अवगत करा दिया था। सूत्रों के अनुसार 12.41 पर कंट्रोल रूम से कोतवाली प्रभारी के पास फोन आया था, जिसके चलते ही घटनास्थल पर कुछ समय के बाद ही 12.50 पर पुलिस फोर्स और दमकल कर्मी और 1.15 पर एसडीआरएफ की टीम पहुंच गयी थी। युवराज की जान बचाने के लिए सिस्टम ने प्रयास भी शुरू कर दिए थे, लेकिन अफसोस ना जाने क्यों वहां मौजूद सिस्टम विफल रहा और 1.45 पर बेसमेंट में भरे पानी में युवा इंजीनियर युवराज कार समेत डूब गया। 1.55 बजे गाजियाबाद से एनडीआरएफ टीम घटनास्थल पर पहुंची थी, लेकिन शायद जबतक युवराज को काल ने अपना ग्रास बना लिया था, जिसके बाद युवराज की तलाश शुरू हुई, 4.30 बजे युवराज के शरीर को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसे डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

जिसके बाद देशवासी हतप्रभ हैं कि इक्कीसवीं सदी के आधुनिक भारत में आखिर ऐसे कैसे काम चलेगा। मृतक के पिता के आरोप, मीडिया की रिपोर्ट व सूत्रों के अनुसार 27 वर्षीय युवा इंजीनियर युवराज ने कड़ाके की ठंड में जान बचाने की एक लंबी जद्दोजहद के दौरान डूबने से पहले कार की छत पर अपने पिता, सिस्टम के लोगों व अन्य लोगों के सामने लगभग 80-90 मिनट तक पूरे हौसले के साथ संघर्ष किया था। जबकि युवराज को बचाने के लिए पुलिस, दमकल विभाग और स्टेट डिजास्टर रिस्पॉन्स फोर्स की टीमें समय रहते मौकें पर मौजूद थी, लेकिन अफसोस तीनों विभाग की टीम भी मिलकर युवराज को नहीं बचा पायी। जिसके बाद से पिता व प्रत्यक्षदर्शियों के आरोप हैं कि कुछ महत्वपूर्ण संसाधनों के अभाव और बचाव टीम के कड़ाके की ठंड के चलते उचित प्रयासों के अभाव के चलते ही युवा युवराज की जान बचाने में विफलता हाथ लगी है, जिसकी सत्यता का एसआईटी की जांच में जल्द ही खुलासा हो जायेगा। मुख्यमंत्री योगी के द्वारा गठित एसआईटी की जांच रिपोर्ट आने के बाद पुलिस व प्रशासन के अन्य लोगों पर गाज गिरनी तय है।



लेकिन अब इक्कीसवीं सदी के आधुनिक शक्तिशाली भारत के हुक्मरानों व सिस्टम के सामने विचारणीय तथ्य यह है कि देश के दिल राजधानी दिल्ली से सटे क्षेत्र में नोएडा में डूबने से पहले कार की छत पर 80-90 मिनट तक एक 27 वर्षीय युवा जान बचाने के लिए संघर्ष करता रहता है और वहीं उस युवा को बचावकर्मियों की लगभग 80 कर्मियों की एक लंबी चौड़ी टीम मिलकर भी नहीं बचा पाए, यह स्थिति बेहद ही चिंताजनक व विचारणीय है। कार दुर्घटना के बाद डूबकर जान गंवाने वाले सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज मेहता की यह कहानी दिल को झकझोर देने वाली और बेहद दर्दनाक है कि कैसे 27 वर्षीय युवराज मेहता ने खुद को अंतिम समय तक बचाने की भरसक कोशिश की थी, उसने दुर्घटना के बाद भी जबरदस्त हिम्मत से काम लिया। पानी से भरे गहरे गड्ढे में गिरने के बाद भी वह कड़ाके की ठंड में संघर्ष करते हुए कार की छत पर चढ़ने में कामयाब रहा था, उसके बाद अपने पिता को फोन करके हादसे की सूचना दी थी और डूबने से पहले युवराज जान बचाने की उम्मीद में लगभग 80-90 मिनट तक कार की छत पर खड़े होकर के वहां उपस्थित पिता व सिस्टम के लोगों से जल्दी जान बचाने की गुहार लगाता रहा, जो स्थिति बहुत ही हृदयविदारक थी। सूत्रों के अनुसार उस वक्त तक पुलिस, दमकल कर्मी व एसडीआरएफ की बचाव टीम मौके पर थी, एक बेबस लाचार पिता अपने घर के चिराग को बचाने के लिए सिस्टम से गुहार लगा रहा था, लेकिन अफसोस करीब 80 कर्मचारी मिलकर भी युवराज की जान नहीं बचा पाए। बाद में बचाव अभियान के असफल होने के कई कारण चर्चाओं में हैं उस दिन कोहरा बहुत ज्यादा ही था, जो बात एकदम सत्य है, जिसके चलते घटना स्थल पर बहुत ज्यादा अंधेरा था, बचाव कर्मियों के पास घटनास्थल पर उपलब्ध रस्सियों-सीढ़ियों की लंबाई कम थी, जिसके चलते युवराज तक बचाव कर्मी पहुंचने में विफल रहे और बाद में स्थल पर नेशनल डिजास्टर रिस्पॉन्स फोर्स के पहुंचने के बाद ही युवराज के शव को बाहर निकाला गया।

युवराज के पिता, दोस्तों और मौके पर उपस्थित लोगों का आरोप है कि इस घटना ने वहां पर उपस्थित पुलिस, दमकल और एसडीआरएफ की टीम के पास संसाधनों की कमी, कर्मियों की लापरवाही और मानवीय संवेदनहीनता को देशवासियों के सामने लाने का कार्य किया है 80 लोगों की भारी-भरकम ट्रेंड टीम के किसी एक भी सदस्य ने बेसमेंट के ठंडे पानी में उतरकर के युवराज की जान बचाने का साहस तक नहीं जुटाया, वहीं सूत्रों के अनुसार एक राह चलते हुआ अनट्रेंड डिलीवरी देने वाला युवक रस्सी बांध कर कड़ाके की ठंड में बेसमेंट के सरियों की चिंता किये बिना पानी में उतर गया था, उसने युवराज तक पहुंचने का प्रयास किया था, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। वहीं अफसोस घटनास्थल पर उपस्थित पुलिस, दमकल व एसडीआरएफ के पास इस आपदा से निपटने के संसाधन कम पड़ गए थे, जिसके चलते देश का भविष्य एक 27 वर्षीय युवा साफ्टवेयर इंजीनियर युवराज जनमानस के जहन में अनेक सवाल छोड़ते हुए दुनिया को अलविदा कह गया, एक घर का चिराग संघर्ष करते हुए बुझ गया। लेकिन जिस तरह से इस पूरे मामले का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संज्ञान लिया उससे लगता है कि इस मामले में अभी बहुत सारे लोगों पर गाज गिरनी तय है।

हालांकि उससे अब युवराज तो वापस आना वाला नहीं है, लेकिन एक आम देशवासी के नाते हम लोग यह उम्मीद करते हैं कि इस तरह की घटना से सिस्टम भविष्य में सबक अवश्य लें, ऐसी भयंकर लापरवाही देश में फिर कभी किसी के घर का चिराग ना बुझे, देश के हुक्मरान व सिस्टम पूरे देश में एक ऐसा आधुनिक संसाधनों युक्त कारगर सरकारी तंत्र अवश्य विकसित कर लें जो एक-एक जान की अहमियत अवश्य समझें।

# महापौर नियुक्ति से पहले ही एक्शन मोड में नगरसेवक

## भिवंडी के वार्ड 6 में लगा जनता दरबार





**भिवंडी (संवाददाता)**

**मंत्र न्यूज**

भिवंडी। भिवंडी-निजामपुर शहर महानगरपालिका के चुनाव परिणाम आए अभी आठ दिन भी पूरे नहीं हुए हैं, लेकिन वार्ड क्रमांक 6 से नवनिर्वाचित पार्षद रोमा नीलेश अलशी ने सक्रियता दिखाते हुए जनसमस्याओं पर काम शुरू कर दिया है। महापौर की नियुक्ति से पहले ही उन्होंने शनिवार को वार्ड की समस्याओं को जानने और नागरिकों से सीधे संवाद के लिए जनता दरबार का आयोजन किया, जिससे क्षेत्रवासियों में खासा उत्साह देखने को मिला।

यह जनता दरबार ब्राह्मण अली स्थित तिलक मंदिर हॉल में आयोजित किया गया, जिसमें वार्ड के बड़ी संख्या में महिला और पुरुष नागरिकों ने भाग लेकर अपनी समस्याएं रखीं। वार्ड क्रमांक 6 भिवंडी शहर का मध्यवर्ती और बेहद व्यस्त इलाका है, जहां मुख्य बाजार, सब्जी मंडी, मछली मंडी, थिएटर, स्कूल, बैंक और निजी अस्पताल स्थित हैं। इन सबके चलते यहां दिन-रात भारी यातायात बना रहता है, जिसका सीधा असर स्थानीय निवासियों की दिनचर्या पर पड़ता है।

जनता दरबार के दौरान नागरिकों ने आरोप लगाया कि बार-बार शिकायतों के बावजूद मनपा अधिकारी इस वार्ड की समस्याओं की अनदेखी करते रहे हैं। पूर्व जनप्रतिनिधियों द्वारा भी इन मुद्दों को गंभीरता से नहीं लिए जाने के कारण लोगों में नाराजगी थी। नवनिर्वाचित पार्षद द्वारा पहली बार इस तरह के जनता दरबार के आयोजन से नागरिकों को अपनी बात खुलकर रखने का अवसर मिला।

पार्षद रोमा अलशी ने जनता की समस्याएं ध्यानपूर्वक सुनीं और आश्वासन दिया कि अगले तीन महीनों के भीतर वार्ड की प्रमुख समस्याओं के समाधान के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि आगामी जनता दरबार में मनपा के संबंधित अधिकारियों को भी आमंत्रित किया जाएगा, ताकि समस्याओं का मौके पर ही निराकरण हो सके। इस अवसर पर मंच पर पार्षद रोमा अलशी के साथ नीलेश अलशी, सुधीर सिंगासने, सदानंद पिंपल, जयंत सोनटक्के सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। जनता दरबार के बाद नागरिकों ने उम्मीद जताई कि नए नेतृत्व में वार्ड की पुरानी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाएगा।

## सिद्धार्थनगर महोत्सव स्थल की व्यवस्था का डीएम ने किया निरीक्षण



सिद्धार्थनगर। जिले के जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन द्वारा जनपद में दिनांक 28 जनवरी से 01 फरवरी, 2026 तक बीएसए ग्राउण्ड मे आयोजित होने वाले सिद्धार्थनगर महोत्सव-2026 की तैयारियों का जायजा लिया गया।

निरीक्षण के दौरान महोत्सव की तैयारियों, पार्किग व्यवस्था, यातायात व्यवस्था, शांति व्यवस्था हेतु लगाये जाने वाले पुलिस बल इत्यादि की समीक्षा कर संबंधित को आवश्यक निर्देश दिये गये। इसके अलावा रेस्ट हाउस पर भी पार्किग व्यवस्था स्थल का निरीक्षण किया गया।

इस दौरान ज्वाइन्ट मजिस्ट्रेट आयुष अग्रवाल, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) गौरव श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) ज्ञान प्रकाश, प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक, सहित अन्य अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## संगठन को मजबूत करने में कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ - कन्हैया पासवान

सिद्धार्थनगर। जिले के मिठवल विकास खण्ड क्षेत्र में स्थिति वी.आर.पी राष्ट्रीय विद्यालय पर बूथ कार्यकर्ता सम्मान समारोह का आयोजन हुआ जिसमें बूथ अध्यक्षों एवं वीएलओ के सम्मेलन को मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने संगठन की शक्ति पर जोर दिया। उन्होंने कहा किसी भी चुनाव की जीत का मार्ग बूथ से होकर गुजरता है। संगठन को चलाने के लिए कार्यकर्ता व बूथ अध्यक्ष वीएलओ पार्टी की रीढ़ हैं। आप केवल कार्यकर्ता नहीं, बल्कि पार्टी के प्रतिनिधि हैं जो सीधे जनता से जुड़े होते हैं।उन्होंने दिशा निर्देश दिया कि हर बूथ अध्यक्ष अपने क्षेत्र के प्रत्येक घर तक पहुंचे और मतदाता सूची को पारदर्शी बनाने में सक्रिय भूमिका निभाए।




विशिष्ट अतिथि डुमरियागंज के पूर्व विधायक व हिंदू युवा वाहिनी के प्रदेश प्रभारी राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में जो विकास कार्य हुए हैं उन्हें घर-घर तक पहुँचाना हम सबकी जिम्मेदारी है। विपक्ष के भ्रामक प्रचार का जवाब हमें बूथ स्तर पर तथ्यों के साथ देना होगा । पन्ना प्रमुखों की सक्रियता पर बल देते हुए कहा कि कार्यकर्ता अभी से बूथ जीता, चुनाव जीता के संकल्प के साथ मैदान में जुट जाएं। कार्यकर्ता सम्मान समारोह के आयोजन में भाजपा युवा नेता दीपेंद्र विक्रम सिंह उर्फ दीपू ने आए हुए कार्यकर्ता व पदाधिकारी को नववर्ष की शुभकामना देते हुए डायरी पेन व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया, कार्यक्रम की अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष रमेश धर द्विवेदी ने किया। संचालन श्याम पाठक ने कहा की बूथ अध्यक्षों और वीएलओ ने जिस सक्रियता से काम किया है वह सराहनीय है। प्रमुख प्रतिनिधि डा.दशरथ चौधरी ने भी संशोधित किया इस दौरान नीरज बाबा, आकाश प्रताप सिंह, अक्कू, श्रीनाथ तिवारी, मनीष शुक्ला, मौलेश्वर नाथ त्रिपाठी, दिनेश चौधरी, हनुमंत सिंह, लक्ष्मी नारायण कशौधन, डॉक्टर संजय गौतम, उमेश गिरी, विरेन्द्र राव, गोपाल त्रिपाठी, दीपचंद जायसवाल आदि मौजूद रहे।

# मनोनीत नगरसेवकों की संख्या बढ़ते ही भिवंडी मनपा में सत्ता की जंग तेज

## रसूखदारों की लगी कतार...

**भिवंडी (संवाददाता)**

**मंत्र न्यूज**




भिवंडी-निजामपुर शहर महानगरपालिका में मनोनीत नगरसेवकों की संख्या बढ़ाए जाने के फैसले के बाद राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। महाराष्ट्र सरकार के विधि विभाग ने 90 सदस्यीय भिवंडी मनपा में अब 5 के बजाय 9 मनोनीत नगरसेवक नामित करने की मंजूरी दे दी है। इस निर्णय के साथ ही मनोनीत बनने की चाह रखने वाले धनाढ्य, रसूखदार और पार्टी वफादार लोगों ने राजनीतिक दलों के आकाओं के चक्कर लगाने शुरू कर दिए हैं।

महाराष्ट्र सरकार के विधि विभाग द्वारा वर्ष 2023 में जारी सर्कुलर के अनुसार, किसी भी महानगरपालिका में चुनाव जीतकर आए नगरसेवकों की कुल संख्या के 10 प्रतिशत तक मनोनीत सदस्य नियुक्त किए जा सकते हैं, जो किसी भी स्थिति में 10 प्रतिशत से अधिक नहीं होने चाहिए। इसी प्रावधान के तहत 90 नगरसेवकों वाली भिवंडी मनपा में अब राजनीतिक दलों को संख्या बल के आधार पर 9 मनोनीत नगरसेवक नामित करने का अधिकार प्राप्त होगा। इससे पहले भिवंडी मनपा में केवल 5 मनोनीत नगरसेवक होते थे।

भिवंडी मनपा चुनाव के नतीजों पर नजर डालें तो कांग्रेस के 30, भाजपा के 22, शिंदे गुट की शिवसेना के 12, एनसीपी (शरद पवार गुट) के 12, समाजवादी पार्टी के 6, कोणार्क विकास आघाड़ी के 4, भिवंडी विकास मंच के 3 तथा 1 निर्दलीय नगरसेवक निर्वाचित हुए हैं। मनपा का महापौर पद सर्वसाधारण वर्ग के लिए आरक्षित घोषित किया गया है। ऐसे में कांग्रेस और भाजपा दोनों ही अन्य सहयोगी दलों के समर्थन से महापौर पद पर कब्जा जमाने और मनपा की सत्ता अपने हाथ में लेने की रणनीति तैयार करने में जुट गई हैं।

मनोनीत नगरसेवक बनने की होड़ में शामिल कई कथित गणमान्य लोग इन दिनों राजनीतिक दलों के शीर्ष नेताओं के इर्द-गिर्द नजर आ रहे हैं। राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा भी जोरों पर है कि कुछ इच्छुक उम्मीदवार आर्थिक लेन-देन के सहारे मनपा सदन में प्रवेश पाने की कोशिश कर रहे है।आगामी दिनों में यह देखना बेहद दिलचस्प होगा कि भिवंडी मनपा सदन में कौन-सा राजनीतिक दल किन रसूखदार और प्रभावशाली चेहरों को मनोनीत नगरसेवक के रूप में मौका देता है। वहीं शहरवासियों को उम्मीद है कि राजनीतिक दल इस अवसर पर शिक्षित, स्वच्छ छवि वाले और जनसमस्याओं की गहरी समझ रखने वाले लोगों को ही मनोनीत कर भिवंडी के विकास को प्राथमिकता देंगे।

# 'पुरी, गंगासागर के साथ 02 ज्योतिर्लिंग (बाबा बैद्यनाथ एवं काशी विश्वनाथ) यात्रा' के लिए रवाना होगी आई.आर.सी.टी.सी. की भारत गौरव पर्यटक ट्रैन'






मध्यप्रदेश के तीर्थ यात्रियों के लिए इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कारपोरेशन लिमिटेड (आई.आर.सी.टी.सी.) द्वारा भारत गौरव पर्यटक ट्रैन का संचालन किया जा रहा है। जो दिनांक 10.04.2026 को इंदौर शहर से 'पुरी, गंगासागर के साथ 02 ज्योतिर्लिंग (बाबा बैद्यनाथ एवं काशी विश्वनाथ) यात्रा' के लिए रवाना होगी। यह ट्रैन मध्यप्रदेश इंदौर, उज्जैन, शुजालपुर, सीहोर, रानी कमलापति, इटारसी, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी एवं अनूपपुर स्टेशनों से होते हुए जाएगी, जहाँ से यात्री इस ट्रैन पर सवार हो सकेंगे। 10 रातें/11 दिनों की इस यात्रा में पुरी, गंगासागर, गया, वाराणसी एवं अयोध्या के दर्शनीय स्थलों का भ्रमण कराया जायेगा। इसके लिए यात्रियों को महज रु.19,990/- प्रति व्यक्ति (SL - इकॉनामी श्रेणी), रु. 32,800/- प्रति व्यक्ति (3AC - स्टैण्डर्ड श्रेणी) एवं रु. 43,250/- प्रति व्यक्ति (2AC - कम्फर्ट श्रेणी) का खर्च उठाना होगा।

आईआरसीटीसी, इस सर्व समावेशी टूर की पेशकश कर रहा है, जिसमें भारत गौरव ट्रेन के विशेष एलएचबी रेक में आरामदायक रेल यात्रा, ऑन-बोर्ड और ऑफ-बोर्ड भोजन, सड़क परिवहन और गुणवत्तायुक्त बसों में दर्शनीय स्थलों की यात्रा, यात्रा कार्यक्रम के अनुसार आवास की व्यवस्था, यात्रा में टूर एस्कॉर्ट्स, यात्रा बीमा, ऑन-बोर्ड सुरक्षा और हाउसकीपिंग की सेवा शामिल है। इच्छुक पर्यटक इसकी बुकिंग आई.आर.सी.टी.सी. की वेबसाइट www.irctctourism.com पर ऑनलाइन व अधिकृत एजेंट से भी करा सकते है। इस सम्बन्ध में अधिक जानकारी व बुकिंग के लिए आई.आर.सी.टी.सी. के भोपाल, जबलपुर एवं इंदौर रेल्वे स्टेशन कार्यालय में निम्नलिखित फ़ोन नम्बरों पर संपर्क कर सकते हैः- इंदौर - 0731 - 2522200, 9321901865, 8287931711, 8287931624, 8287931729 भोपाल - 9321901862, 9321901866, 8287931723 जबलपुर - 9321901832, 7021091459, 9321901862 नागपुर - 7021092912, 9321901862।

## शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार मनाए जाने को लेकर पीस कमेटी की बैठक



सिद्धार्थनगर। जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक महाजन के आदेश के क्रम में एवं अपर पुलिस अधीक्षक प्रशान्त कुमार प्रसाद के निर्देशन, व क्षेत्राधिकारी बांसी सुश्री रोहिणी यादव के कुशल पर्वेक्षण में प्रभारी निरीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य थाना शिवनगर डिडई के कुशल नेतृत्व में आगामी त्यौहार शबे बारात, शिवरात्रि, गुरु रविदास जयन्ती को सकुशल शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराये जाने हेतु थाना क्षेत्र के सम्भ्रान्त व्यक्तियों, गुरु रविदास जयंती मनाने वाले आयोजकों तथा उनके कमेटी के सदस्य एवं अन्य सम्भ्रान्त व्यक्तियों की पीस कमेटी मीटिंग आहूत की गयी। मीटिंग में उपस्थित सभी व्यक्तियों से उक्त त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के सम्बन्ध में उच्चाधिकारीगण व शासन द्वारा प्राप्त दिशा निर्देशो का पालन करने हेतु अवगत कराया गया।

## आगामी त्यौहार में शांति व्यवस्था बनाए रखें के लिए पीस कमेटी की बैठक

सिद्धार्थनगर। जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ0 अभिषेक महाजन के आदेश के क्रम में, प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में, बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के पर्वेक्षण में थानाध्यक्ष अमित कुमार द्वारा थाना परिसर में आगामी त्यौहार, शब -ए - बारात व महाशिवरात्रि के दृष्टिगत के संबंध में पीस कमेटी की मीटिंग आयोजित की गई तथा त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु थाना क्षेत्र के भिन्न भिन्न ग्रामो के धर्मगुरुओ, मौलवियों, ग्राम प्रधान, सम्भ्रान्त व्यक्तियों से त्यौहार में कमेटी के अध्यक्ष व सदस्यो की बैठक की गयी/ सभी को शान्तिपूर्ण, सौहार्दपूर्वक, त्यौहार को मनाये जाने की अपील की गयी । बैठक में मौजूद सभी व्यक्तियों से त्यौहार के दृष्टिगत शासन द्वारा / उच्चाधिकारीगण द्वारा प्राप्त गाइडलाइन से अवगत कराया गया । सभी धर्मगुरुओं व कमेटी के अध्यक्ष व सदस्यों को उनके जिम्मेदारियों से अवगत कराया गया । शान्ति व्यवस्था को मुख्य रुप से विषय वस्तु बनाकर विस्तृत चर्चा किया गया तथा आदेश-निर्देश से अवगत कराया गया ।

# अयोध्या में हड़कंप! 26 जनवरी के दिन राम मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी, पुलिस ने संदिग्ध को दबोचा

लखनऊ **(एजेंसी)**। 26 जनवरी से पहले अयोध्या स्थित राम मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया। यह धमकी डायल 112 पर कॉल कर दी गई, जिसके बाद पुलिस तुरंत अलर्ट मोड में आ गई। तुरंत कार्रवाई करते हुए पुलिस ने धमकी देने वाले संदिग्ध युवक को हिरासत में ले लिया है। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, हिरासत में लिया गया युवक उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले का रहने वाला है। सूत्रों का कहना है कि युवक की मानसिक स्थिति असंतुलित बताई जा रही है, हालांकि पुलिस हर एंगल से मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार, 24 जनवरी की रात करीब 10:30 बजे डायल 112 पर एक कॉल आई, जिसमें कॉलर ने राम मंदिर में बम धमाके की आशंका जताई। सूचना मिलते ही पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां हरकत में आ गईं। पुलिस ने कॉलर के मोबाइल नंबर को ट्रैक किया और कुछ ही समय में युवक को पकड़ लिया। इसके बाद उसे हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी गई।

फिलहाल अयोध्या पुलिस और खुफिया विभाग के अधिकारी युवक से गहन पूछताछ कर रहे हैं। पुलिस यह जानने की कोशिश कर रही है कि क्या युवक वाकई मानसिक रूप से अस्वस्थ है या इसके पीछे किसी बड़ी साजिश की संभावना है। सुरक्षा एजेंसियां किसी भी तरह की चूक नहीं करना चाहतीं, इसलिए हर पहलू की जांच की जा रही है।

अयोध्या पुलिस ने मामले को लेकर आधिकारिक पत्र जारी किया है। अयोध्या कैंट थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया किः 'दिनांक 24 जनवरी 2026 की रात डायल 112 पर कॉल कर राम मंदिर में ब्लास्ट होने की सूचना दी गई थी। कॉल करने वाले की पहचान रामकरन पुत्र मुन्नालाल, निवासी मल्हान पुरवा दुल्हापुर, थाना नवाबगंज, जनपद गोंडा के रूप में हुई है। कॉलर को हिरासत में ले लिया गया है और पूछताछ की जा रही है। प्रथम दृष्टया संदिग्ध मंदबुद्धि प्रतीत हो रहा है।'

गौरतलब है कि 26 जनवरी (गणतंत्र दिवस) को लेकर देश के अलग-अलग हिस्सों में हाई अलर्ट जारी किया गया है। खासकर धार्मिक स्थल, भीड़भाड़ वाले इलाके, पर्यटन स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया गया है। किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर पुलिस तत्काल कार्रवाई कर रही है, ताकि सुरक्षा में कोई चूक न हो। फिलहाल राम मंदिर परिसर और आसपास के इलाकों में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है और पुलिस पूरे मामले पर नजर बनाए हुए है।

# आयुर्वेद, योग एवं अध्यात्म पर वैज्ञानिक संगोष्ठी माघ मेला प्रयागराज में - डॉ जी एस तोमर

प्रयागराजः विश्व आयुर्वेद मिशन एवं आयुर्वेद विभाग प्रयागराज द्वारा 'आयुर्वेद, योग एवं आध्यात्म सर्वांगीण स्वास्थ्य के त्रिस्तम्भ' विषय पर सोमवार, 26 जनवरी 2026 को पूर्वाह्न 11.00 बजे एक वैज्ञानिक संगोष्ठी का आयोजन महर्षि भारद्वाज राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय
सेक्टर - 5, काली मार्ग, माघ मेला, प्रयागराज में किया जा रहा है। जिसका उद्घाटन इलाहाबाद उच्च न्यायालय की माननीय न्यायमूर्ति श्रीमती मंजू रानी चौहान करेंगी। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के माननीय सदस्य श्री कल्प राज सिंह एवं सारस्वत अतिथि के रूप में केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, गंगा नाथ झा परिसर के निदेशक प्रो. ललित


सादर आमंत्रण
विश्व आयुर्वेद मिशन एवं आयुर्वेद विभाग, प्रयागराज द्वारा
वैज्ञानिक संगोष्ठी
आयुर्वेद, योग एवं आध्यात्म सर्वांगीण स्वास्थ्य के त्रिस्तंभ
Ayurveda Yoga & Spirituality - The Three Pillars of Holistic Health

| मुख्य अतिथि | विशिष्ट अतिथि | सारस्वत अतिथि |
|---|---|---|
| माननीय न्यायमूर्ति श्रीमती मंजूरानी चौहान<br>मा. उच्च न्यायालय इलाहाबाद | श्री कल्प राज सिंह<br>मा.सदस्य, लोक सेवा आयोग, उ.प्र. | प्रो. ललित कुमार त्रिपाठी<br>निदेशक के.संस्कृत वि. वि. गंगानाथ झा परिसर, प्रयागराज |
| **संयोजक** | **आयोजन अध्यक्ष** | **समन्वयक** |
| प्रो.(डॉ.) जी एस तोमर<br>अध्यक्ष, विश्व आयुर्वेद मिशन | डॉ. मनोज कुमार सिंह<br>क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी प्रयागराज | डॉ. हेमंत कुमार सिंह<br>मेला प्रभारी, आयुर्वेद |
| **आयोजन सचिव** | **तिथि** | |
| डॉ.अवनीश पाण्डेय<br>प्रभारी चिकित्साधिकारी | 26 जनवरी 2026<br>प्रातः 11 बजे से | ZANDU |


आयोजन स्थल
महर्षि भारद्वाज राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय, सेक्टर 5, काली मार्ग
कल्पवासी थाना के बगल

कुमार त्रिपाठी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी डॉ मनोज कुमार सिंह करेंगे। यह जानकारी कार्यक्रम के संयोजक एवं विश्व आयुर्वेद मिशन के संस्थापक अध्यक्ष प्रो.(डॉ.) गिरीन्द्र सिंह तोमर ने दी है। डॉ तोमर ने बताया कि इस संगोष्ठी में समग्र स्वास्थ्य के त्रिस्तम्भ आयुर्वेद, योग एवं अध्यात्म पर विषय विशेषज्ञ अपना उद्बोधन देंगे। इस अवसर पर माघ मेला में साधु, संन्यासियों, कल्पवासियों एवं तीर्थ यात्रियों की अहर्निश चिकित्सा सेवा करने एवं इसमें सहयोग करने वाले चिकित्सकों, फार्मासिस्टों एवं सहयोगी स्टाफ़ को सम्मान पत्र भी अतिथियों द्वारा प्रदान किया जाएगा।

# जब अयोध्या में मेरी मुलाकात मार्क टुली से हुई थी

राय तपन भारती, पत्रकार

वर्ष 1992 में बाबरी मस्जिद विध्वंस घटनाक्रम की रिपोर्टिंग का सौभाग्य मुझे भी मिला था। तब मैं महाराष्ट्र के लोकमत अखबार में चीफ रिपोर्टर था। वहां ऐतिहासिक पल की रिपोर्टिंग का निर्देश संपादक एस एन विनोद जी ने दी थी। उस वक्त बीबीसी के ब्यूरो चीफ मार्क टुली समेत सैकड़ों ग्लोबल व नेशनल पत्रकार अयोध्या आए थे। तभी टुली से मेरी भेंट फैजाबाद के तार घर में हुई थी। वहीं से बहुतेरे पत्रकार अपनी रिपोर्ट फैक्स से मीडिया मुख्यालय भेजते थे।



उसी छह दिसंबर 1992 को दोपहर 12 बजे जब सैकड़ों कारसेवक बाबरी मस्जिद पर चढ़कर तोड़फोड़ करने लगे तो मार्क टली को तुरंत खब़र देने की चिंता हुई, उस ज़माने में मोबाइल फ़ोन नहीं थे और इंटरनेशनल कॉल करना भी मुश्किल था। हां, भारत में ट्रंक कॉल करना आसान था। एक दिन पहले विश्व हिंदू परिषद नेता अशोक सिंघल ने बीबीसी की टीवी कवरेज (जिसमें 1990 में बल प्रयोग के कुछ पुराने विजुअल शामिल थे) की खुले मंच से आलोचना कर दी थी, इसलिए न केवल मार्क टली बल्कि सभी अंग्रेज पत्रकार कारसेवकों के निशाने पर थे। इसलिए हमें रिपोर्टिंग के साथ अपनी और मार्क की सुरक्षा भी करनी थी। कारसेवकों ने मस्जिद पर प्रहार के साथ ही अयोध्या के सारे तार तोड़ दिये जिससे खब़रें न जाएं। हमको कारसेवकों से बचते हुए ग्रामीण इलाक़ों से होते हुए फ़ैज़ाबाद में केंद्रीय तारघर आना पड़ा। खब़र फ़ाइल करने के बाद तारघर में ही मार्क से मेरी भेंट हुई।

इस बीच वह कुछ पत्रकारों के साथ फिर अयोध्या चले गये। इस समय तक कारसेवक और निडर हो गये थे। कारसेवकों के एक जत्थे ने मार्क व अन्य पत्रकारों को दशरथ महल के पास घेरकर बंधक बना लिया। ग़नीमत थी कि दशरथ महल के महंत मार्क को जानते थे और उन्होंने एवं एकेँ'अ्श ने कारसेवकों को समझाया और टुली को मुक्त करा दिया।

कारसेवकों का मन इतना बढ़ा हुआ था कि वे तार घर के बाहर आकर नारे लगा रहे थे, लेकिन अंदर नहीं आये। अयोध्या के वे खौफनाक दिन आज भी याद है मुझे। मार्क टुली आज परलोक सिधार गए पर अयोध्या के साथ उनकी याद आती रहेगी।

# ओवैसी के बढ़ते कद से परेशान हैं ये कांग्रेसी नेता, पार्टी के खिलाफ खोला मोर्चा; दे डाली चेतावनी

नई दिल्ली।शशि थरूर के पार्टी नेतृत्व के प्रति नाराजगी जाहिर करने के बाद अब एक के बाद एक कई नेताओं की नाराजगी बाहर आ रही है। शनिवार को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शकील अहमद ने राहुल गांधी और पार्टी नेतृत्व के प्रति खुलकर शिकायत की। अब कांग्रेस के एक और वरिष्ठ नेता राशिद अल्वी ने भी पार्टी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। राशिद अल्वी ने पार्टी को चेतावनी दी है कि अगर पार्टी में मुस्लिम नेताओं को तवज्जो नहीं दी गई तो देश में असदुद्दीन ओवैसी जैसे नेताओं का उभार होगा। राशिद अल्वी ने पार्टी को नसीहत देते हुए चेतावनी भी दी।

**क्या बोले राशिद अल्वी**

कांग्रेस नेता शकील अहमद ने एक बयान में पार्टी नेतृत्व की तीखी आलोचना की। जब इसे लेकर राशिद अल्वी से प्रतिक्रिया मांगी गई तो उनकी भी नाराजगी खुलकर सामने आ गई।

राशिद अल्वी ने पार्टी में मौजूद समस्या के बारे में बताते हुए कहा, 'कांग्रेस पार्टी में एक बड़ी समस्या यह है कि कोई ऐसा मंच नहीं है जहां मुद्दों पर चर्चा हो सके। नेताओं से मिलना आम तौर पर मुश्किल होता है। अगर लोग अपनी चिंताएं जाहिर करना चाहते हैं, तो वे कहां जाएं?'

'निश्चित रूप से पार्टी के बीच संवाद की कमी है। यह कांग्रेस पार्टी के अंदर एक बड़ी समस्या है, और बहुत से लोग शिकायत करते हैं कि कांग्रेस हाई कमांड से मिलना आसान नहीं है। संवाद की कमी को निश्चित रूप से खत्म किया जाना चाहिए।'

# फरार आरोपी मुजफ्फर राथर के खिलाफ शिकंजा कसना शुरू, इंटरपोल से मांगी गई मदद

नई दिल्ली। दिल्ली के एतिहासिक लाल किले के पास 10 नवंबर 2025 को हुए विनाशकारी विस्फोट में 35 से ज्यादा लोगों की जान गई थी। इस पूरे धमाके में 'सफेदपोश' आतंकी मॉड्यूल सामने आया था। धमाके को कार के अंदर विस्फोटक रखकर अंजाम दिया गया था। ऐसे में कार ब्लास्ट मामले में फरार आरोपी मुजफ्फर अहमद राथर के खिलाफ अब कड़ा कदम उठाने की तैयारी की जा रही है।

**इंटरपोल का रेड कॉर्नर नोटिस जल्द होगा जारी**

अफगानिस्तान की धरती से अहम रसद सहायता और धन मुहैया कराने वाले सह-साजिशकर्ता के रूप में नाम सामने आने के बाद व्हाइट-कॉलर आतंकी मॉड्यूल के आरोपी डॉ. मुजफ्फर राथर के खिलाफ इंटरपोल का रेड कॉर्नर नोटिस जल्द ही जारी किया जा सकता है।

दरअसल, पेशे से बाल रोग विशेषज्ञ और दक्षिण कश्मीर का रहने वाले राथर को एनआईए की एक विशेष अदालत पहले ही भगोड़ा अपराधी घोषित कर चुकी है। ऐसे में अब राथर के खिलाफ इंटरपोल का नोटिस जारी करने की प्रक्रिया चल रही है। आरोपी मुजफ्फर अहमद राथर ने डॉ. उमर उन नबी को रसद, वित्तपोषण, संचार और योजना बनाने में मदद की थी।

**विदेश से रची थी हमले की साजिश**

अधिकारियों ने आरोप लगाया कि राथर एक प्रमुख सह-साजिशकर्ता के रूप में सामने आया है, जिसने कथित तौर पर भारत से भागने के बाद विदेश से हमले की साजिश रची थी।उन्होंने बताया कि जांचकर्ताओं ने रसद, एन्क्रिप्टेड संचार और कट्टरपंथी नेटवर्क की ऐसी चीजों का पता लगाया है, जो सीधे अफगानिस्तान में सुरक्षित ठिकानों तक ले जाते हैं, जहां राथर के वर्तमान में छिपे होने का संदेह है। अधिकारियों ने बताया कि उमर ने राथर और अफगानिस्तान स्थित सहयोगियों के समर्थन से आत्मघाती हमला किया, जिन्होंने रसद, संचार, धन और योजना उपलब्ध कराई।अधिकारियों ने आरोप लगाया कि राथर ने विशेष रूप से संपर्क और वित्तपोषण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि राथर आतंकवादियों के साथ लगातार संपर्क में रहे और बम बनाने और परिचालन रणनीति से संबंधित जानकारी के लिए अफगानिस्तान स्थित संचालकों के साथ उनके संचार को सुविधाजनक बनाया।

**दिल्ली विस्फोट से पहले देश से भागा**

राथर पिछले साल अगस्त के मध्य में दिल्ली विस्फोट से कुछ ही समय पहले भारत से चला गया था, और पहले दुबई की यात्रा की और बाद में अफगानिस्तान में प्रवेश किया, जहां वह वर्तमान में छिपा है। अधिकारियों ने बताया कि व्हाइट कॉलर आतंकी मॉड्यूल में गिरफ्तार अन्य आरोपियों से पूछताछ में पता चला कि राथर ने कथित तौर पर आतंकी मॉड्यूल के लिए धन जुटाने में सहायता की और आतंकी साजिश के वित्तीय कोष में लगभग 6 लाख रुपये का योगदान दिया।

2021 में राथर ने डॉ. मुजम्मिल अहमद गनाई और उमर के साथ तुर्किए की यात्रा की थी और इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य बाहरी संचालकों के साथ संपर्क स्थापित करना या अफगानिस्तान की ओर निकलने का प्रयास करना था। हालांकि उस समय वे अफगानिस्तान में दाखिल नहीं हुए थे, लेकिन अधिकारियों ने कहा कि इस यात्रा को उनके कट्टरपंथीकरण और तैयारी नेटवर्क गतिविधियों का हिस्सा माना जाता है।

यात्रा के बाद राथर, उमर और गनाई, जो फरीदाबाद के अल फलाह विश्वविद्यालय में पढ़ाते थे, ने खुले बाजार से भारी मात्रा में रसायन जमा करना शुरू कर दिया, जिसमें 360 किलोग्राम अमोनियम नाइट्रेट, पोटेशियम नाइट्रेट और सल्फर शामिल थे, जिनमें से अधिकांश को विश्वविद्यालय परिसर के पास इकट्ठा किया गया था।

# आव्रजन कार्रवाई के बीच संघीय अधिकारियों ने एक व्यक्ति को गोली मारी

वांशिगटन। अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन की आव्रजन संबंधी कार्रवाई के बीच मिनियापोलिस में संघीय अधिकारियों ने एक व्यक्ति को गोली मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। हाल में भी इसी तरह की कार्रवाई के कारण गुस्साए प्रदर्शनकारियों ने शहर की सड़क पर उतरकर विरोध जताया।



गोलीबारी से जुड़ा विस्तृत विवरण तत्काल पता नहीं चल सका है। हालांकि, मिनेसोटा के गवर्नर टिम वाल्ज ने बताया कि ट्रंप प्रशासन की आव्रजन संबंधी कार्रवाई के दौरान उस व्यक्ति को गोली मारी गई थी। अस्पताल के रिकॉर्ड से पता चलता है कि आव्रजन अधिकारियों द्वारा गोली मारे गए 51 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई है।


इस बीच, सुरक्षा विभाग के एक प्रवक्ता ने दावा किया कि मारे गए व्यक्ति के पास हथियार और कारतूस थे। वाल्ज ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि गोलीबारी के बाद उन्होंने व्हाइट हाउस से संपर्क किया।

उन्होंने राष्ट्रपति ट्रंप से अपने राज्य में जारी ''दमनकारी कार्रवाई'' को समाप्त करने का आह्वान किया।

प्रवासियों पर हो रही कार्रवाई के विरोध में शुक्रवार को हजारों प्रदर्शनकारी कड़ाके की ठंड में शहर की सड़कों पर उतरे और संघीय प्रवर्तन अधिकारियों से शहर छोड़ने की मांग की।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार, नरसिंगदी में युवक को जिंदा जलाया, सुरक्षा पर उठे गंभीर सवाल

ढाका। बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा की घटनाएं कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। हाल ही में, ढाका से करीब 50 किलोमीटर दूर नरसिंगदी शहर में एक 23 साल के हिंदू युवक को सोते समय जिंदा जला दिया गया। इस घटना ने मुस्लिम-बहुल देश में अल्पसंख्यक आबादी की सुरक्षा पर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। मृतक की पहचान चंचल चंद्र भौमिक के रूप में हुई है, जो नरसिंगदी पुलिस लाइंस के पास एक गैरेज में काम करते थे।



यह दुखद घटना शुक्रवार रात की है। काम के बाद थके हुए भौमिक गैरेज के अंदर ही सो गए थे। इसी दौरान कुछ अज्ञात हमलावरों ने गैरेज में आग लगा दी। गैरेज में पेट्रोल और इंजन ऑयल जैसे ज्वलनशील पदार्थ होने के कारण आग तुरंत फैल गई, जिससे भौमिक की दम घुटने और जलने से मौत हो गई। सीसीटीवी फुटेज में हमलावरों को आग लगाते हुए देखा गया है, जिसे स्थानीय लोग एक सोची-समझी हत्या बता रहे हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और अपराधियों की तलाश जारी है।

**क्यों बढ़ रहे हिंदुओं पर हमले**

2022 की जनगणना के अनुसार, बांग्लादेश में लगभग 1.31 करोड़ हिंदू रहते हैं, जो कुल आबादी का करीब 7.95 प्रतिशत हैं। पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के सत्ता से हटने के बाद से बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा के दर्जनों मामले सामने आए हैं। भारत ने भी पड़ोसी देश में बढ़ते उग्रवाद और हिंदुओं की सुरक्षा को लेकर कई बार अपनी गहरी चिंता व्यक्त की है।

**पहले की घटनाएं**

पिछले कुछ समय में हिंसा की यह कोई अकेली घटना नहीं है। महज एक हफ्ते पहले गाजीपुर में एक हिंदू मिठाई दुकान मालिक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी, जब वे अपने कर्मचारी को बचाने की कोशिश कर रहे थे। उसी सप्ताह सिलहट में एक हिंदू के घर को आग के हवाले कर दिया गया और फेनी जिले में एक हिंदू ऑटो-रिक्शा चालक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। ये लगातार होती घटनाएं वहां रह रहे अल्पसंख्यकों के बीच डर का माहौल पैदा कर रही हैं।

## कनाडा में भारतीय की हत्या, जली कार और सीसीटीवी से कातिलों की तलाश जारी

कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत के बर्नाबी शहर में भारतीय मूल के एक 28 वर्षीय युवक की सरेआम गोली मारकर हत्या कर दी गई। कनाडाई पुलिस के अनुसार, यह एक 'टारगेटेड शूटिंग' थी, जिसका सीधा संबंध वहां चल रहे गैंग वॉर से होने का संदेह है।

**सार्वजनिक स्थान पर गोलीबारी**

रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस ने बताया कि यह घटना 22 जनवरी को शाम करीब 5:30 बजे कनाडा वे के पास हुई। पुलिस को घटनास्थल पर एक युवक गंभीर रूप से घायल मिला, जिसकी अस्पताल ले जाने से पहले ही मौत हो गई। जांच टीम ने मृतक की पहचान वैंकूवर निवासी दिलराज सिंह गिल के रूप में की है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, गिल पहले से ही अधिकारियों की नजर में थे।

**जली हुई गाड़ी ने खोले राज**

शूटिंग के कुछ ही मिनटों बाद, घटनास्थल से कई किलोमीटर दूर बक्सटन स्ट्रीट पर पुलिस को एक गाड़ी पूरी तरह से जली हुई मिली। जांचकर्ताओं का मानना है कि हमलावरों ने इसी गाड़ी का इस्तेमाल किया था




Facebook: https://www.facebook.com/profile.phpid=100063787346044 Twitter: https://twitter.com/mantrabharatt=8tJONQ7H-h6EKqqap2tVMw&s=08 Mobile No: 7007837917

मंत्र भारत : R.N.I. MAHHIN/ 2016/65841 स्वात्वाधिकारी राकेश शर्मा के लिए राकेश शर्मा द्वारा AIS Printing solution प्लॉट नं0-A- 544 TTC इंडस्ट्रियल एरिया एमआईडीसी माहपे-नवी मुंबई, थाने 400709 से मुद्रित एवं शाप.नं. 36, द्वितीय तल, प्लाट -490.1. जाम मील बिल्डिंग, डॉ बाबा साहेब अम्बेकर रोड, लाल बाग परेल, मुम्बई-400012प्रकाशित एवं सम्पादित। कार्यालय : शाप.नं. 36, द्वितीय तल, प्लाट -490.1. जाम मील बिल्डिंग, डॉ बाबा साहेब अम्बेकर रोड, लाल बाग परेल, मुम्बई-400012 । फोन : 022-24706563 । कार्यकारी सम्पादक- योगेन्द्र चौधरी
E-Mail : editormantrabharat@gmail.com mantrabharatmumbai@gmail.com । सम्पादक : विनोद आर शर्मा, मोबाइल : 7007837917 । समूह सम्पादक : डॉ दयानन्द तिवारी। वैधानिक सूचना : मंत्र भारत से संबंधित समस्त विवाद निपटारे के लिए मंत्र प्रधान कार्यालय क्षेत्र प्रयागराज/ इलाहाबाद न्यायालय ही होगा। प्रधान कार्यालयः 80ए मेंहदौरी, तेलियरगंज, प्रयागराज-211004 (नोटः कानूनी पत्र व्यवहार का पता प्रधान कार्यालय ही होगा।)